इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत


दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति " ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -343 | राजनांदगांव, बुधवार 06 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## कनाडा को जयशंकर की दो टूक: कहा- चरमपंथियों को पॉलिटिकल स्पेस देना और हमारे डिप्लोमैट्स की निगरानी, कतई मंजूर नहीं

नई दिल्ली। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों को शह देने पर दो टूक जवाब दिया। विदेश मंत्री ने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कनाडा में हुई हालिया भारत विरोधी गतिविधियों को लेकर जमकर फटकार लगाई। एस जयशंकर सख्त लहजे में कहा कि भारतीय डिप्लोमैट्स पर निगरानी रखना बिल्कुल नामंजूर है। जयशंकर ने कहा कि कनाडा बिना ठोस जानकारी के आरोप लगा रहा है, जिससे दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव बढ़ रहा है। भारत ने कनाडा में हो रही इन गतिविधियों को गंभीरता से लिया है।

### भारतीय राजनयिकों की निगरानी पर जताई आपत्ति

जयशंकर ने कहा कि कनाडा की सरकार हमारे राजनयिकों पर नजर रख रही है, जो कूटनीतिक नियमों का उल्लंघन है। यह कदम दोनों देशों के बीच विश्वास को कमजोर कर सकता है। विदेश मंत्री ने कहा कि कनाडा में चरमपंथी ताकतों को पॉलिटिकल स्पेस देने से भारत की सुरक्षा और संप्रभुता को खतरा है। भारत किसी भी प्रकार के चरमपंथ का समर्थन नहीं करेगा। एस जयशंकर ने



बताया कि यह मुद्दा पहले भी कनाडाई अधिकारियों के सामने उठाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 27 अक्टूबर को भी इस विषय पर गंभीर चर्चा हुई थी। भारत ने संगठित अपराध और चरमपंथी गतिविधियों को लेकर कनाडा को चेतावनी दी थी, लेकिन उस समय इसे नजरअंदाज किया गया। जयशंकर ने कहा कि जब भी राष्ट्रीय सुरक्षा की बात आएगी, भारत अपने कदम पीछे नहीं हटाएगा।

### निज्जर हत्याकांड बना विवाद का कारण

हाल ही में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच तनाव और बढ़ गया। कनाडा ने भारतीय उच्चायुक्त को इस मामले में जांच के लिए नामित किया, लेकिन इसके जवाब में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कनाडा में हजारों हिंदुओं ने निकाला मार्च, जय श्री राम के नारों से गूंजा ब्रैम्पटन शहर

कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में रविवार को हिंदू सभा मंदिर पर हुए हमले के बाद विरोध तेज होता जा रहा है। सोमवार को हजारों लोग ब्रैम्पटन की सड़कों पर भगवा, तिरंगा और कनाडा के राष्ट्रीय ध्वजों के साथ उतर आए। इस एकजुटता मार्च में कनाडा में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोग शांतिपूर्ण ढंग से शामिल हुए। इस मार्च का आयोजन कोलिशन ऑफ हिंदूज इन नॉर्थ अमेरका की ओर से किया गया था। इस मार्च के दौरान जय श्री राम के जयकारों से ब्रैम्टपन की सड़कें गूंज उठी। प्रदर्शनकारियों ने खालिस्तान समर्थक हमलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## नए नियमों से नाराज राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के 20 डॉक्टरों का सामूहिक इस्तीफा, मरीजों की टेंशन बढ़ी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में लागू किए गए नए नियमों से नाराज मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल के 20 डॉक्टरों ने मंगलवार को सामूहिक रूप से डीन को त्यागपत्र सौंप दिया। इससे पहले भी वेतन विसंगति को लेकर 20 डॉक्टरों ने एक-एक करके इस्तीफा दिया था। अगर इन सभी 20 डॉक्टरों के इस्तीफे स्वीकार हो जाते हैं, तो मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल की मान्यता पर संकट आ सकता है।

त्यागपत्र देने वाले डॉक्टरों में सीनियर, जूनियर, संविदा और नियमित डॉक्टर शामिल हैं। इनमें मेडिकल कॉलेज की रीढ़ माने जाने वाले डॉ. प्रकाश खूंटे भी हैं। पहले से ही मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल डॉक्टरों की कमी, स्टाफ नर्स, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और जरूरी मशीनों जैसे सिटी स्कैन, एमआरआई की समस्याओं से जूझ रहा है, जिन्हें शासन अब तक पूरा नहीं कर पाया है।

अब इन 20 डॉक्टरों के इस्तीफे के बाद अस्पताल में मरीजों का इलाज करने वाले डॉक्टरों की भारी कमी हो जाएगी। वर्तमान में जो डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे थे, वही अब इस्तीफा दे चुके हैं। अस्पताल में बाकी बचे डॉक्टरों का मरीजों के इलाज में अधिक योगदान नहीं है। पिछले डेढ़ महीने से मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल का डायलिसिस सेंटर भी बंद है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए भिलाई और रायपुर का रुख करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज में कुल 21 विभाग हैं, और हर विभाग में कम से कम 10-12 डॉक्टरों का होना अनिवार्य है। लेकिन फिलहाल पूरा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल केवल 30 प्रतिशत डॉक्टरों के सहारे चल रहा था।

> 'डॉक्टर प्रैक्टिस करना चाहते हैं, लेकिन शासन के नए आदेशों से वे नाराज हैं। इसी वजह से उन्होंने सामूहिक रूप से इस्तीफा दिया है। इस मामले की जानकारी शासन को भेज दी गई है, हालांकि अब तक इस्तीफे मंजूर नहीं हुए हैं।'
> **डॉ. अतुल देशकर, प्रभारी डीन और अधीक्षक, राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज**

### स्वास्थ्य विभाग का नया आदेश

स्वास्थ्य विभाग के नए आदेश के अनुसार, 'शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान योजना' के तहत मरीजों का इलाज करने वाले अस्पतालों को एक शपथ पत्र देना होगा, जिसमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके यहां कोई भी सरकारी अस्पताल का डॉक्टर सेवाएं नहीं दे रहा है। इस आदेश के चलते सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों पर निजी अस्पतालों में काम करने का दबाव बढ़ गया है।

## राज्योत्सव में सीएम साय ने बजाया मांदर, परंपरागत वाद्ययंत्रों को सुना



रायपुर। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संजोकर रखने और उनके प्रचार प्रसार करने के लिए छत्तीसगढ़ के वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी भी राज्योत्सव में लगाई गई है। इस मौके पर कलाकार रिखी क्षत्रीय ने सीएम विष्णुदेव साय को मांदर भेंट किया, मुख्यमंत्री ने वादकों के साथ मांदर बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया।

राज्योत्सव के मौके पर कलाकार रिखी क्षत्रीय ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ के वाद्ययंत्रों सारंगी, नगाड़ा, मृदुल, चिकारा, कोंडोडका, खनखना, कुतुर्गी, खेती, मुंडाबाजा, हुलकी, मोहरी, तुर्रा, रुंजू, तुरही, मांदरी मांदर, तोड़ी, चरहे, तम्बुरा, बांसबाजा, सींगबाजा, गतका, माडिया ढोल, दमउ, खर्रा, चरहे, चटका, झंडी डंडा, खल्लर, छडी, कोटेला, खडका, सिलफिली, खरताल, अलगोजा, गुदुम बाजा, झुनझुना, डफरा, टिमकी की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ की परम्परागत वाद्ययंत्रों का उपयोग किए जाने और उसकी उपयोगिता से भी परिचित कराया।

## आज राज्योत्सव के समापन में विभिन्न अलंकरणों से 36 विभूतियों को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड करेंगे सम्मानित

रायपुर (दावा)। राजधानी नवा रायपुर में राज्योत्सव के अवसर पर राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन 06 नवंबर को किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने आज राजधानी रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य अलंकरण समारोह में सम्मानित होने वाले विभूतियों के नाम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा 06 नवंबर को 36 विभूतियों को छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

राज्यपाल रमेन डेका समारोह की अध्यक्षता करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव के समापन समारोह पर छत्तीसगढ़ की विभिन्न विभूतियों को उनकी उपलब्धियों एवं राज्य के विकास में योगदान के लिए राज्य अलंकरण से सम्मानित



किया जाएगा।

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आदिवासी पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए शहीद वीरनारायण सिंह पुरस्कार बुटलू राम माथरा को दिया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिया जाने वाला अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में यति यतनलाल सम्मान मनोहर गौशाला खैरागढ़, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुण्डाधूर सम्मान सुश्री छोटी मेहरा, खेल (तीरंदाजी) के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान विकास कुमार को दिया जाएगा। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्थान के क्षेत्र में मिनीमाता सम्मान श्रीमती पार्वती ढ़ीढ़ी, महिलाओं में वीरता, शौर्य, साहस तथा आत्मबल को सशक्त बनाने के लिए वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार श्रीमती अदिती कश्यप और महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान के लिए माता बहादुर कलारिन सम्मान कुमारी चित्ररेखा सिन्हा, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक चेतना और दलित उत्थान के क्षेत्र में गुरूघासीदास सम्मान राजेन्द्र रंगीला (गिलहरे), सहकारिता विभाग द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में ठाकुर प्यारेलाल सम्मान शशिकांत द्विवेदी को प्रदान किया जाएगा।

इसी तरह सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान उमेश कच्छप, संस्कृति विभाग द्वारा हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पंडित सुन्दरलाल शर्मा सम्मान डॉ. सत्यभामा आडिल, संस्कृति विभाग द्वारा संगीत एवं कला के क्षेत्र में चक्रधर सम्मान (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कमला या ट्रंप...अमेरिकी किसे चुनेंगे अगला राष्ट्रपति; वोटिंग जारी




अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग जारी है और दुनिया की नजरें अमेरिकी चुनाव पर टिकी हैं। यहां डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। वोटिंग के दौरान अमेरिका में राष्ट्रपति चुनने में अहम माने जाने वाले स्विंग स्टेट्स का मौसम डोनाल्ड ट्रंप के लिए खुशियां लाने वाला बताया जा रहा है।

इस चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को ऐसी चीज से मदद मिलने की उम्मीद है, जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की। वह मौसम है। जी हां, राष्ट्रपति चुनने में बेहद अहम माने जाने वाले स्विंग स्टेट विस्कॉन्सिन और मिशिगन में चुनाव के दिन बारिश हो रही है। आगे दिनभर रुक-रुककर बारिश होने की उम्मीद है। इसका असर वोटिंग पर साफ देखने के लिए मिलेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए पेंसिलवेनिया, जॉर्जिया और मिशिगन में मतदान जारी है। ये तीनों स्विंग स्टेट्स कहलाते हैं। पेंसिलवेनिया में 19 वोट हैं, जो इन स्विंग स्टेट्स में सबसे ज्यादा है। स्विंग स्टेट्स ऐसे राज्यों को कहते हैं, जहां राष्ट्रपति चुनाव में कभी डेमोक्रेट्स तो कभी रिपब्लिकन की जीत होती है। कमला हैरिस या डोनाल्ड ट्रंप में से अमेरिका का अगला राष्ट्रपति कौन बनेगा, इसका फैसला इन काफी हद तक इन स्विंग स्टेट्स पर ही निर्भर होता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का इतिहास कई रोचक तथ्यों से भरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के इतिहास में कभी कोई महिला राष्ट्रपति नहीं बनी। ऐसे में अगर कमला हैरिस चुनाव जीतती हैं तो वह अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी। आखिरी बार 2016 में हिलेरी क्लिंटन राष्ट्रपति पद के काफी नजदीक पहुंच कर हार गई थीं। उन्हें ट्रंप से करीब 28 लाख अधिक पापुलर वोट मिले, लेकिन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'बिहार कोकिला' लोक गायिका शारदा सिन्हा का निधन

नई दिल्ली। अपनी मधुर आवाज के लिए 'बिहार कोकिला' के नाम से प्रसिद्ध पद्म भूषण से सम्मानित शारदा सिन्हा का आज निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। एम्स ने शारदा सिन्हा के निधन की पुष्टि की है। वह 11 दिनों से एम्स में भर्ती थीं। वह पिछले छह वर्षों से ब्लड कैंसर से जूझ रही थीं। पिछले दिनों उनकी तबीयत बिगड़ने पर 26 अक्टूबर को एम्स में भर्ती किया गया था।

शारदा सिन्हा को सोमवार रात से दिल्ली के एम्स में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। उनके बेटे अंशुमान सिन्हा ने दोपहर को ही इस बारे में जानकारी दी थी।



शारदा सिन्हा मैथिली और भोजपुरी की एक प्रसिद्ध लोक गायिका थी, जिन्हें बिहार कोकिला के नाम से भी जाना जाता है। उनके छठ पूजा के गीत बहुत लोकप्रिय हैं, लेकिन उन्होंने हिंदी फिल्मों में भी अपनी आवाज दी है। उनकी पहचान एक ऐसी गायिका की थी जो अपनी मिठास भरी आवाज से लोगों के दिलों पर छाप छोड़ती थी। पद्मभूषण से सम्मानित गायिका शारदा सिन्हा को 2018 में मल्टीपल मायलोमा कैंसर का पता चला था। हाल ही में, उन्होंने अपने पति ब्रज किशोर सिन्हा को खो दिया, जो ब्रेन हैमरेज से पीड़ित थे। दोनों ने इस साल अपनी 54वीं शादी की सालगिरह मनाई थी।

### मल्टीपल मायलोमा से पीड़ित थीं शारदा सिन्हा

शारदा सिन्हा वर्ष 2018 से मल्टीपल मायलोमा से पीड़ित थीं। यह एक तरह ब्लड कैंसर है। उनकी तबीयत बिगड़ने पर 26 अक्टूबर को एम्स के कैंसर सेंटर में भर्ती किया गया था। तब उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखना पड़ा था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डोंगरगढ़ में बैंक एकाउंट से करोड़ों का लेनदेन उजागर, जशपुर पुलिस ने युवकों से की पूछताछ, सट्टा कनेक्शन का शक

राजनांदगांव(दावा)। महादेव सट्टा एप से जुड़े एक मामले में जशपुर पुलिस डोंगरगढ़ के दो युवकों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, इन दोनों युवकों के एकाउंट नंबरों में करोड़ों रुपये का लेनदेन हुआ है, जिसे पुलिस महादेव सट्टा एप से जोड़कर देख रही है। सोमवार को जशपुर पुलिस ने दोनों युवकों को बैंकों में ले जाकर उनके खातों की डिटेल की जांच की। मंगलवार को जांच पूरी करके पुलिस वापस लौट गई। जांच के नतीजों के आधार पर यह पता चलेगा कि इन युवकों के खातों में कितनी राशि का लेनदेन हुआ है और यह लेनदेन महादेव सट्टा एप से कितना जुड़ा हुआ है।



### महादेव सट्टा एप कनेक्शन में युवक की हुई थी गिरफ्तारी

कुछ माह पहले डोंगरगढ़ में महादेव सट्टा एप के संबंध में एक युवक की गिरफ्तारी हुई थी, जो किसी राजनीतिक दल से संबंधित था और वर्तमान में जमानत पर है। उस युवक की गिरफ्तारी के बाद से नगर में चर्चा का माहौल गर्म है, और तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि यह मामला अब भी चल रहा है। पुलिस की गुप्त कार्रवाई के कारण डोंगरगढ़ में हड़कंप मच गया है। युवकों का लिंक महादेव सट्टा एप से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है, जिससे स्थानीय पुलिस के अधिकारियों ने अभी तक कुछ भी बताने से इंकार किया है। जशपुर पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है, जिससे आने वाले समय में सचाई सामने आ सकेगी। स्थानीय लोग इस मामले को लेकर चिंतित हैं और पुलिस की कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं।







## छत्तीसगढ़ अद्भुत संभावनाओं से भरा प्रदेश - डॉ. रमन



- 24 वर्षों की यात्रा में प्रदेश में आया अद्भुत परिवर्तन
- श्रमिकों के पलायन को रोकने तथा कुपोषण दूर करने के लिए मुख्यमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम कानून कारगर साबित हुआ
- प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने में देश की महान विभूतियों ने दिया अपना योगदान

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण 1 नवम्बर 2000 में हुआ था, तब से लेकर 2024 तक छत्तीसगढ़ राज्य की यात्रा और विकसित राज्य बनाने की पहल ने सभी के समक्ष गवाही दी है। उन्होंने कहा कि 24 वर्षों का यह उत्सव और राज्य निर्माण का यह श्रेय देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी को है। राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य में शामिल है और प्रदेश ने विभिन्न उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के पद कार्य करते हुए 15 वर्षों में छत्तीसगढ़ में पलायन की पीड़ा को देखते हुए प्रदेश को इस पीड़ा से मुक्त करने के लिए श्रमिकों को अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया गया। गांव में 1 रूपए की दर से प्रति किलो चावल उपलब्ध कराने से पलायन रूक जाएगा, इस सोच के साथ यह कार्य आरंभ किया गया। छत्तीसगढ़ में मुख्यतः कुपोषण को दूर करने की दिशा में नीतिगत निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम कानून बनाया गया। जनसामान्य को यह गारंटी है कि इस कानून को नहीं बदल सकते। उन्होंने बताया कि 24 वर्षों में प्रदेश में अद्भुत परिवर्तन आया है। हम अपने प्रदेश पर गर्व करना सीखें और इसे आगे बढ़ाएं। डॉ. रमन सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं से हितग्राहियों सामग्री एवं चेक वितरण कर लाभान्वित किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ अद्भुत संभावनाओं से भरा प्रदेश है। यहां 44 प्रतिशत भू-भाग वना आच्छादित है। यहां के वनों में साल, सागौन, आंवला, हर्रा, बहेरा प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। छत्तीसगढ़ में वनवासियों के जीवन में परिवर्तन आया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# कल गुरुवार को डूबते सूर्य को दिया जाएगा अर्ध्य, छठ पर्व की बिखरेंगी छटा



राजनांदगांव (दावा)। उत्तर भारतीयों का महापर्व छठ की शुरुआत मंगलवार 5 नवंबर को नहाय-खाय के साथ हो गई है। छठ पर्व के व्रती लोगों ने भात, चने की दाल व कद्दू की सब्जी खाकर नहाय-खाय की शुरुआत की। वहीं आज बुधवार कार्तिक शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को दिन भर निर्जला उपवास रख कर खरना करेंगे और शाम के समय छठ मइया को खीर-पूड़ी का भोग लगाया जाएगा तत्पश्चात स्वयं ग्रहण कर लोगों में प्रसादी स्वरुप बांटा जाएगा। इसके अगले दिन गुरुवार को नजदीक के नदी सरोवरों में कमर भर जल मे उतर कर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

बता दें कि शहर में निवास करने वाले बड़ी संख्या में उत्तर भारतीयों में इस महापर्व को लेकर खासा उल्लास बना हुआ है। इधर नगर निगम द्वारा छठ महापर्व के लिए शहर के मोती तालाब की साफ-सफाई करा कर चकाचक कर दिया गया। तालाब के घाट में चूने की सफेद पट्टी खींच कर छठ पूजन करने वालों के लिए व्यवस्थित जगह बना दी गई है। इसी तरह पर्व की महत्ता को देखते हुए छठ उत्सव समिति द्वारा मोती तालाब को विद्युत झालरों से जगमग किया जा रहा है।

### दीपावली की तरह छठ पर्व की रहेगी धूम

शहर के नया बस स्टैंड समीप स्थित मोती तालाब में चार दिवसीय इस छठ महापर्व पर्व की धूम बनी रहती है। मोती तालाब समीप स्थित श्री राम जानकी गणेश मंदिर के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि उत्तर भारतीयों द्वारा सूर्योपासना का महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाया जाता है। इस पर्व में व्रतियों को काफी कठिन उपवास रखना पड़ता है। इसकी शुरुआत नहाय- खाय से होती है। इसके तहत व्रती सुबह घरों की साफ सफाई करते हैं और स्नान करने के बाद मिट्टी के चूल्हे पर अरवा चांवल? के भात,चने की दाल और लौकी कद्दू की सब्जी बनाते हैं। इसे पहले व्रती जन भगवान सूर्य देवता को भोग लगाते हैं और स्वयं ग्रहण कर प्रसादी स्वरुप अपने स्वजनों में बांटा जाता है और मंगल कामना की जाती है। मान्यता है कि छठ पूजा घर में सुख-समृद्धि और संतान के लिए की जाती है। छठ व्रती बिना किसी बाधा के इस अनुष्ठान को कठिन तप व पूरी निष्ठा के साथ पूरा करते हुए हैं ।इससे व्रती जनों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### तालाब में घाटों का निर्माण

बताते चलें कि संस्कार धानी के मोती तालाब व मोतीपुर रेल्वे तालाब के अलावा पास के गांव अंजोरा, टेड़ेसरा में छठ पर्व की धूम बनी रहती है। यहां उत्तर भारतीयों लोगों के बड़ी संख्या में निवास करने के कारण इन जगहों में छठ पूजन के लिए तालाबों में घाटों का निर्माण किया गया है। जहां षष्ठी तिथि को डूबते सूर्य को तथा इसके अगले दिन व्रतियों द्वारा ब्रह्म मुहूर्त में उठकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इस अवसर छठी मईया के गीत लोगों को भाव- विभोर कर देने वाला रहता है वहीं दीपावली की तरह हर्षोल्लास जाहिर करते हुऐ तालाब घाट में जमकर आतिशबाजी की जाती है। छठी मईया व सूर्य देवता की शान में दनादन फटाके फोड़ें जाते हैं। इस समय का दृश्य पूरी भक्तिभाव पूर्ण भव्य एवं दिव्य बना रहता है। जिसकी छटा देखते ही बनती है।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट के छात्र दक्ष चौबे और अमल चौबे ब्रदर्स का खेल जगत में जौहर









राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल में स्थित संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट के होनहार छात्र दक्ष चौबे का खेलो इंडिया हॉकी में प्रशिक्षण शिविर में चयन हुआ है, खेलो इंडिया लघु केंद्र भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एनआईएस कोच द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसी कड़ी में दक्ष चौबे के छोटे भाई अमल चौबे का बेस्ट इमर्जिंग प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट में अलग ही जौहर रहा है, अमल रॉयल किड्स कान्वेंट का होनहार छात्र है राजनांदगांव क्रिकेट प्रीमियर लीग 2024 प्रतियोगिता में प्रदेश के 16 क्रिकेट टीमों में भाग लिया था अमल चौबे ने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बेस्ट इमर्जिंग प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट का अवार्ड प्राप्त किया इस प्रतियोगिता में अमल चौबे ने विकेट कीपर व ओपनिंग बेस्ट मैन की भी भूमिका निभाया है।

इस अवसर पर दोनों छात्रों को संस्था की अध्यक्ष श्रीमती डॉक्टर सविता जेबी सिंह ,उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मे जय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल, सीजी प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्य श्रीमती ममता मिश्रा, कल्चरल एक्टिविटीज इंचार्ज श्रीमती अपर्णा वर्मा, एच एम सरिता सिंह मैडम एवं सभी शिक्षकों ने बच्चों को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी।

## पहला कॉलम...

### गौ माता की रक्षा का हम सभी ले संकल्प - देवशरण सेन



**ग्राम सारंगपुर मातर मंडई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम सारंगपुर मे मातर मंडई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, ग्राम पटेल राधेलाल वर्मा शासकीय अधिवक्ता, धन्नू लाल सेन पंच, प्रताप वर्मा पूर्व सरपंच, कुशल वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना कर किया गया एवं गाय माता की पूजन किया गया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन ने सभी ग्रामवासियों लक्ष्मी पूजा दीपावली गोवर्धन पूजा की बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार आपसी भाईचारा प्रेम स्नेह एवं एक दूसरे के प्रति मित्रता बनाने का संदेश देता है। हम सबको अपने धर्म संस्कृति एवं गाय माता की रक्षा करने का भी संकल्प लेना है। इस अवसर पर रामरतन यादव, बिसराम यादव, रबि यादव, उरामसुख यादव, भकु यादव सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ताजूराम साहू का निधन



डोंगरगाँव (दावा)। अंचल के ग्राम सांगिनकछार निवासी ताजूराम साहू 72वर्ष का निधन 5 नवम्बर को अस्वस्थता के चलते हो गया है, वे वरिष्ठ पत्रकार टुम्मन साहू के पिता श्री हैं. श्री साहू अपने पीछे 5 पुत्रों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में बुधवार को प्रातः 9 बजे होगा।

### धन्ना सिंह गौर का निधन



डोंगरगढ़(दावा)। शहर के वरिष्ठ नागरिक जयपाल सिंह गौर के पिताजी धन्ना सिंह गौर का दिनांक 05 नवंबर की सुबह 11 बजे स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 06 नवंबर को सुबह 11 बजे निज निवास् से बधियाटोला स्थित नवोदय विद्यालय के पास के लिए निकलेगी। स्व. गौर जयपाल सिंह, शंकर सिंह, नारायण सिंह, दशरथ सिंह गौर के पिता थे।

# पटरी पार क्षेत्र में खेल, शिक्षा और अनुशासन के प्रति जागरूकता अभियान

**० भावी महिला सब इंस्पेक्टरों का युवाओं को मार्गदर्शन**
**० रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा खेल अलंकरण सम्मान समारोह आयोजित**



राजनांदगांव (दावा)। पटरी पार क्षेत्र के चिखली स्कूल में रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विशेष खेल अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हाल ही में घोषित सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में चयनित भावी महिला सब इंस्पेक्टर मनीषा ग्वाल, हर्षा वर्मा, दीपशीखा सिन्हा और पद्मिनी यादव को पटरी पार क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सम्मानित किया गया।

नवनियुक्त सब इंस्पेक्टरों ने अपने उद्बोधन मे खिलाड़ी बच्चों को प्रेरणा देने के साथ-साथ खेल में अनुशासन और समर्पण का महत्व बताया। इन्होने बच्चों के साथ अपनी जीवनी को साझा करते हुए विषम परिस्थितियों मे भी लगन व समर्पण के साथ मेहनत करने की बात कही और जय हिन्द, वन्दे मातरम जैसे देशभक्ति नारे लगवाकर बच्चों मे नये ऊर्जा का संचार जागृत किया।

समारोह का मुख्य उद्देश्य स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और उन्हें समाज में खेल एवं शिक्षा के महत्व का संदेश देना था। क्षेत्र के नागरिकों के इस उद्देश्य के प्रतिपूर्ति के लिए पटरी पार क्षेत्र के चिखली स्कूल मे प्रतिदिन सुबह पाँच बजे से साढ़े छः बजे तक बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे के द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर खेल और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और वे अपने क्षेत्र, राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर घनिष्ठा साहू एवं पुष्पीता साहू को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, श्रेया लारिया एवं मोनिष्का को बेस्ट अपकमिंग प्लेयर, तृषा रामटेके, पूर्णिमा राजपूत, एकता राजपूत, बृजेश एवं पीयूष रजक को बेस्ट अनुशाषित प्लेयर तथा प्रकृति सिंह चौहान को बेस्ट एजुकेटेड प्लेयर के खेल अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया।

महिला सब इंस्पेक्टरों ने अपने अनुभव साझा करते हुए खिलाड़ियों को अनुशासन, दृढ़ संकल्प और समर्पण के गुणों का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ी बच्चों ने महिला सब इंस्पेक्टरों की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और उनसे प्रेरणा ली। इस तरह के आयोजन से खेल और सामाजिक क्षेत्र में युवा पीढ़ी को प्रोत्साहन मिलता है और उन्हें जीवन में बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर गुरु शैलेन्द्र तिवारी, ललित नायडू, सुनील साहू, सुरेश डेकाटे, सलीम कुरैशी, दीपेश चौबे, संतोष साहू, अब्दुल कादिर कुरैशी, बोधन साहू, शिवा चौबे, भागवत साहू, हेमचंद साहू, रोशन सुखदेवे, बृजलाल नेताम, पप्पू रामटेके, कृष्णा निषाद, चंदा साहू, संतोष ठाकुर, आशुतोष लारिया सहित बड़ी संख्या मे क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, आत्महत्या के लिए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग




**रायपुर के स्व. प्रदीप उपाध्याय के आत्महत्या मामले में न्याय के लिए उठी आवाज**

राजनांदगांव(दावा)। सर्व ब्राह्मण समाज राजनांदगांव ने रायपुर निवासी स्व. प्रदीप उपाध्याय के आत्महत्या मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज के सदस्यों का कहना है कि प्रदीप उपाध्याय ने अपने सुसाइड नोट में अपने आला अधिकारी का नाम दर्ज कर उनके उत्पीड़न का उल्लेख किया था, जो उनकी आत्महत्या का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ज्ञापन में सर्व ब्राह्मण समाज ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो समाज प्रदेशभर में कठोर कदम उठाएगा। समाज के सदस्यों का कहना है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति का नहीं है, बल्कि समाज के सम्मान और सुरक्षा का भी प्रश्न है। ज्ञापन देने वाले में प्रमुख रूप से मौलेश तिवारी, रुपेश जोशी, ऋषि शास्त्री, राकेश दुबे, प्रदीप शर्मा, मनोज दुबे, शशांक झा, श्रीमती क्रांति तिवारी एवं अन्य सामाजिक लोग उपस्थित थे।

# लोहे का धारदार चाकू दिखाते हुए डराने धमकाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल





राजनांदगांव (दावा) बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25-27 के तहत जेल भेज दिया है।

घटना की जानकारी देते हुए बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया लोगों को धारदार चाकू दिखाकर डराने धमकाने वाले आरोपी रतनेश सिंह ठाकुर पिता स्व. भगत सिंह ठाकुर उम्र 22 वर्ष निवासी ब्राम्हणपारा लकडी टाल के पास से लोहे का धारदार चाकू जब्त किया है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन में थाना क्षेत्र में अवैध शराब जुआ सटटा,अवैध हथियार रखने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देशन पर थाना बसंतपुर प्रभारी सत्यनारायण देवांगन द्वारा टीम गठित कर लगातार थाना क्षेत्र मे भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान मुखबीर के सूचना पर मंगलवार 05 नवंबर को आरोपी रतनेश सिंह ठाकुर को रानी सागर गौरव पथ के पास सार्वजनिक जगह पर एक लोहे का धारदार चाकू दिखाकर आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने पर उनके विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

इसी तरह भ्रमण के दौरान मुखबीर के सूचना पर मंगलवार 05 नवंबर को आरोपी राहुल सोनवानी को वाला वाटिका के सामने प्रभात नगर के पास सार्वजनिक जगह पर एक लोहे का धारदार चाकू दिखाकर आने जाने वाले लोगो को डराने धमका रहा था। जिस पर उनके विरूध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी श्री देवांगन सहित उपनिरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, बी 9 पेट्रोलिंग आरक्षक की भूमिका सराहनीय रही।

# जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी रही आकर्षण का केन्द्र






**फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों से रूबरू हुए जनसामान्य**

राजनांदगांव (दावा)। जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी जनसामान्य के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं सभी वर्ग के लोगों ने शासन की सभी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। फोटो प्रदर्शनी में जिले के विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की झांकी प्रस्तुत की गई। जनसामान्य को जनमन, उदित छत्तीसगढ़ बुकलेट, खुशियों का नोटिफिकेशन, सुशासन के नवीन आयाम जैसी किताबों का वितरण किया गया। नागरिकों ने स्टाल में मिल रही योजनाओं की जानकारी की तारीफ की। मीलचार राजनांदगांव निवासी महेशर एवं उनके साथियों ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी बहुत अच्छे से प्रदर्शित की गई है। उन्होंने प्रदर्शनी देखकर बहुत खुशी व्यक्त की। राजनांदगांव निवासी गोविंदलाल वर्मा ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। आदिवासी कन्या छात्रावास, दिग्विजय महाविद्यालय, कमला देवी राठी कन्या महाविद्यालय राजनांदगांव एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने फोटो प्रदर्शनी को देखा। विद्यार्थियों ने कहा कि जनमन पत्रिका सहित उदित छत्तीसगढ़, सुशासन के नवीन आयाम की पुस्तिका प्रतियोगिता परीक्षा के लिए बहुत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के साथ-साथ सरकार द्वारा जनहितकारी निर्णयों को दर्शाया गया है। फोटो प्रदर्शनी स्टॉल में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा, बुजुर्ग सहित सभी को निःशुल्क जनमन पत्रिका एवं अन्य पुस्तकों का वितरण किया गया।

फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना, छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडल अधिनियम में संशोधन, महतारी वंदन योजना, श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना, छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक, छत्तीसगढ़ के तीर्थ स्थल एवं पर्यटन स्थल की जानकारी, तेंदूपत्ता संग्राहकों पारिश्रमिक में वृद्धि, वन अधिकार अधिनियम, युवा सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना, शासकीय भर्तियों में पारदर्शिता, आईआईटी की तर्ज पर प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, नक्सलवाद के निदान के लिए अहम निर्णय नियद-नेल्लानार योजना, छत्तीसगढ़ में नक्सल समस्या उन्मूलन अभियान, राज्य में आतंकवाद, नक्सलवाद, वामपंथी उग्रवाद जैसी विशेष मामलों, प्रकरणों में त्वरित और प्रभावी अनुसंधान व अभियोजन के लिए राज्य इनवेस्टिगेशन एजेंसी का गठन, माओवाद पीड़ित क्षेत्रों में सिविक एक्शन प्रोग्राम, मोबाइल कवरेज बढ़ाने के लिए मोबाइल टॉवरों की स्थापना जैसी योजनाओं एवं सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी गई।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
हंसी का खजाना, जादुई चमत्कार
भूल भूलैया 3
कलाकार - कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी विजय राज़, संजय मिश्रा, राजपाल यादव आदि





ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com





**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**धारा 6 (2) देखिये**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि आवेदिका भामनी विश्वकर्मा आ. रज्जु राम माता मंगेश्वरी विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी-ग्राम कुहीखुर्द पोस्ट-रामतराई थाना-गैंदाटोला तहसील-छुरिया जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदक मदनलाल विश्वकर्मा आ. भुवनलाल विश्वकर्मा माता देवकी विश्वकर्मा उम्र-25 वर्ष निवासी-ग्राम देवसरा पोस्ट-खुरसुनी थाना-अर्जुन्दा तहसील-गुण्डरदेही जिला-बालोद (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक 4 सन् 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 29/11/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक -22/10/2024
पेशी तारीख - 29/11/2024

**अपर कलेक्टर जिला विवाह अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई-छुईखदान, जिला- खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

साकिन- नादिया रा.प्र.क. / 202408290400004/अ-02 वर्ष - 2023-24

एतद द्वारा जरिये ईश्तहार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शारदा पटेल पति तुकाराम पटेल, जाति- मरार, निवासी ग्राम- रेन्दाखम्ही, तहसील- सहसपुर लोहारा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की ग्राम- नादिया, प.ह.नं. 14, तहसील- गण्डई, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 471/13 रकबा 0.012 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 08.11.2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। तिथि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24.10.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई - छुईखदान**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़ जिला- खैरागढ़-छुईखदान, गण्डई (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश साहू आ. बुधेराम साहू निवासी ग्राम बघमर्रा तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़- छुईखदान-गण्डई के द्वारा ग्राम बघमर्रा प.ह.नं. 50 रा.नि.मं. जालबांधा तहसील खैरागढ़ स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 844/6, 844/7, 844/8 रकबा क्रमश 0.105, 0.121, 0.016 हे. भूमि कुल ख.नं. 3 कुल रकबा 0.242 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाश ऐश) हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 11.11.2024 को नियम किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/अपने अधिवक्ता/अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा- आपत्ति पेश कर सकते है, नियम दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 25/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़**

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग)**

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना क्र. 06 (प्रथम आमंत्रण)**

क्रमांक/2601/निविदा/ ग्रा.यां.सेवा/2024 — कबीरधाम दिनांक - 04/11/2024

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल के ओर से केवल एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत द श्रेणी एवं उच्च वर्ग ठेकेदारों से निम्न दर्शित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 20.11.2024 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | प्रत्येक कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | महतारी सदन निर्माण हेतु वि.ख. कवर्धा अंतर्गत- ग्राम बम्हनी, रवेली, लखनपुर, खड़ौदा (रवेली), भागूटोला, मैनपुरी, जोराताल, बरबसबपुर, बिरकोना, धरमपुरा, वि.ख. स.लोहारा, अंतर्गत- ग्राम रणवीरपुर, वि.ख. पण्डरिया अंतर्गत- मोहतराखुर्द, कुण्डा | 22.47 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थिति होकर दिनांक 06.11.2024 से देखी जा सकती है।

जी- 242503594/2

कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

# निजी प्रैक्टिस नहीं करने के विरोध में डाक्टर छोड़ रहे मेडिकल कॉलेज अस्पताल



**पहले भी दर्जन भर डॉक्टर छोड़ चुके हास्पिटल और भी इस्तीफा देने की लाइन में**

राजनांदगांव (दावा)। शहर में दो-दो शासकीय अस्पताल है लेकिन विशेषज्ञ डाक्टरों से लेकर जूनियर डाक्टर व टेक्नीशियन व स्टाफ के अभाव को झेल रहे इन दोनों हास्पीटल में आए दिन कोई न कोई समस्याएं बनी रहती है। वर्तमान में पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल से एक और विशेषज्ञ डॉक्टर ने काम छोड़ दिया है। बताया जाता है कि एम डी मेडीसीन डॉ. कुमार सिंह मंडावी ने निजी प्रैक्टिस नहीं करने के विरोध में अपना इस्तीफा दे दिया है। जानने में यह भी आ रहा है कि शासन के उक्त नए कानून का विरोध करते हुए और भी डाक्टर इस्तीफा देने की तैयारी में है। बता दें कि वैसे भी मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में स्वीकृत पदों में तीन प्रतिशत ही चिकित्सक है। यदि उक्त नए कानून का विरोध करते हुए शेष चिकित्सक भी इस्तीफा दे देंगे तो मेडिकल कॉलेज हास्पीटल की क्या स्थिति होगी, समझा जा सकता है।

## दर्जन भर डाक्टर दे चुके इस्तीफा

बताते चलें कि मेडिकल कॉलेज हास्पीटल से पहले भी दर्जन भर डाक्टर इस्तीफा दे चुके हैं। इस्तीफा देने वाले अधिकांश डॉक्टर किसी न किसी विभाग के प्रमुख थे।

इस्तीफा देने वाले डाक्टरों के स्थान पर दूसरे डाक्टरों को जिम्मेदारी मिली और उन्हें विभाग प्रमुख बनाया गया लेकिन उनके द्वारा भी इस्तीफा दिए जाने की तैयारी की खबर आ रही है। इससे तो मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में विषम स्थिति आ सकती है। एक तो वैसे ही विशेषज्ञ डाक्टरों का अभाव झेल रहे हास्पीटल में और भी दयनीय स्थिति निर्मित हो सकती है।

## निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध

बता दें कि शासन की ओर से शासकीय अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा में कसावट व सुधार लाने के उद्देश्य से सरकारी डाक्टरों के निजी अस्पताल या क्लीनिक में प्रैक्टिस पर रोक लगा दी है। शासन के इस निजी प्रैक्टिस करने पर प्रतिबंध संबंधित आदेश से डॉक्टर ना इत्तफाकी रख रहे हैं और इस्तीफा देने बाध्य हो रहे हैं। यही नहीं इस्तीफा देने की एक और वजह इनकी सैलरी भी कम होना है। इस तरह डाक्टरों को न तो निजी प्रैक्टिस करने की छूट है और न वांछित सैलरी मिल रही है। इससे डाक्टर भड़के हुए हैं और इस्तीफा देने उतारु हो रहे हैं। अभी तो मेडिकल कॉलेज के एमडी मेडीसीन डॉ. कुमार सिंह मंडावी द्वारा इस्तीफा दिए जाने की खबर है। इसके बाद और भी डाक्टर इस्तीफा देने के लिए लाइन? लगाए होने की खबर सामने आ रही है।

लोगो का कहना है कि शासन को चाहिए कि इन चिकित्सकों को ड्यूटी के बाद निजी प्रैक्टिस की छूट देनी चाहिए ताकि ये ड्यूटी के साथ - साथ निजी प्रैक्टिस भी कर सके। या तो फिर इन डाक्टरों को भरपूर सैलरी दें ताकि इन्हें निजी प्रैक्टिस करने की जरूरत ही न पड़े।

बहरहाल शासन के इस फैसले से सरकारी डाक्टरों ने भारी नाराजगी व्याप्त है। इसके चलते उन्हें इस्तीफा देने जैसे कदम उठानी पड़ रही है। एक तो पहले ही विशेषज्ञ एवं जूनियर डाक्टरों की कमी से जूझ रहे शासकीय अस्पतालों में चिकित्सीय व्यवस्था गड़बड़ा रही है। इसका सीधा फायदा निजी अस्पतालों को हो रहा है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में 20 डॉक्टर का एक साथ मेडिकल कालेज में इस्तीफा हुआ है। और कुछ दिन पूर्व और भी डाक्टरों ने त्यागपत्र दिया है। जो कि चिंता का विषय है, आगे क्या होगा।

## तथागत पांडे ने किया आग्रह - त्यागपत्र वापस लें



राजनांदगांव (दावा)। राजनंदगांव के मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों द्वारा सामूहिक रूप से त्यागपत्र देने की खबर से चिकित्सा क्षेत्र में हलचल मच गई है। कॉलेज के 22 डॉक्टरों ने अपना त्यागपत्र सौंपा है, जिसके तहत एक महीने का नोटिस पीरियड रहेगा। इस मुद्दे को लेकर तथागत विजय पांडे ने पहल की और डॉक्टरों से मिलकर उनसे अपने त्यागपत्र को वापस लेने का आग्रह किया।

तथागत विजय पांडे ने डॉक्टरों से कहा कि उनकी सेवाएँ केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि मानव धर्म की पहचान भी हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों का योगदान न केवल अस्पताल के निर्धारित समय के दौरान, बल्कि अस्पताल से बाहर भी मरीजों के हित के लिए होता है। अस्पताल टाइम के बाद किसी डॉक्टर का डिस्पेंसरी में बैठना सेवा-भाव का एक बड़ा उदाहरण है, जिससे समाज में उनके प्रति सम्मान और विश्वास बढ़ता है।

पांडे ने जोर देकर कहा कि अगर डॉक्टरों का त्यागपत्र मंजूर होता है, तो मरीजों को चिकित्सा सुविधाओं में कमी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने आग्रह किया कि डॉक्टर इस फैसले पर पुनर्विचार करें ताकि राजनंदगांव के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएँ मिलती रहें और उन्हें इलाज में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के इन 22 डॉक्टरों का सामूहिक त्यागपत्र स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति समाज में एक गहरी चिंता पैदा कर रहा है। तथागत पांडे की टीम सदा आपके साथ खड़ी है अगर आंदोलन की भी जरूरत पड़ी तो हम करेंगे लेकिन अभी जिस तरीके के हालात हैं राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में उसमें मैं समझता हूं कि आप भगवान का दूसरा रूप है गरीबों के लिए भगवान है आप डॉक्टर लोगों को इस तरीके से सामूहिक इस्तीफा नहीं देना चाहिए मेरा आप सभी से आगरा है कि आप लोग संस्कारधानी राजनांदगांव की जनता के मन की बातों को भी समझेंगे...।

# खुर्सीटिकुल में 5 लाख की चोरी, सूना मकान देख हुई सेंधमारी



**स्टेट हाईवे के किनारे मकान की घटना**

डोंगरगाँव (दावा)। थाना क्षेत्र के ग्राम खुर्सीटिकुल में राजनांदगाँव-अंबागढ़ चौकी की ओर जाने वाली स्टेट हाईवे में स्थित एक सूने घर में सोमवार की रात चोरों ने सेंधमारी कर लाखों रूपये के जेवर ले उड़े। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खुर्सीटिकुल निवासी देववती साहू 40 वर्ष अपने बच्चों के साथ सोमवार को मंडई-मेला के लिए अपने मायके अंबागढ़ चौकी गई थी। बता दें कि उक्त महिला मकान में अकेली रहती हैं और उनके बच्चे अन्यत्र रहकर पढ़ाई और नौकरी करते हैं। त्यौहार की वजह से बच्चे भी गांव आये हुए थे किन्तु मंडई होने के चलते अंबागढ़ चौकी मेरेगांव चले गए और सभी इधर सूना मकान पाकर अज्ञात चोरों ने दरवाजे का कुंदा उखाड़कर लाखों रूपये के जेवरात की चोरी कर ली। सोमवार की रात्रि घटना के बाद दूसरे दिवस पड़ौसी की सूचना पर मकान मालिक घर पहुंचे, जहाँ घर का मुख्य दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ था और ताला वैसे ही लटका हुआ था। अंदर पहुंचने पर गोदरेज आलमारी के समीप सामान व कपड़े बिखरा पाया। प्रारंभिक तौर पर 5 लाख रूपये के जेवरात और दो हजार रूपये नगद राशि चोरी होना बताया जा रहा है। मकान मालिक के पहुंचने के तत्काल बाद घटना की जानकारी 112 को दी गई और चोरी की बड़ी घटना पाकर डॉग स्क्वायड व पुलिस टीम पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया, डोंगरगांव पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए इस मामले को विवेचना में लिया है ।

# पेटी ग्रुप ने दीपावली में शहर में चाक-चौबंद यातायात व्यवस्था हेतु जिला व पुलिस प्रशासन को दी गई बधाई

राजनाँदगाँव (दावा)। इस वर्ष दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा शहर में चाक-चौबंद यातायात व्यवस्था एवं पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए पेटी ग्रूप द्वारा पुलिस प्रशासन को बधाई दी गई है। पेटी ग्रुप के डॉ. आनंद वर्गिस, विक्की शुक्ला ने कहा कि कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के नेतृत्व में चार पहिये वाहन का शहर के (मार्केट) क्षेत्र में प्रतिबंधित कर दिये जाने से शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रही।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग को पेटी ग्रुप जयस्तंभ चौक के सभी सदस्यों द्वारा उक्त जागरूकतापूर्ण कार्य हेतु बधाई प्रेषित की। प्रशासन की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित ना होने की स्थिति में जयस्तंभ चौक व सिनेमा लाईन वा गुड़ाखु लाईन में खरीददारी करने हेतु अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। प्रशासन की मेहनत से यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की गयी। इस हेतु जिला प्रशासन सहित शहर के यातायात पुलिस द्वारा की गयी सराहनीय पहल के लिए बधाई दी गई है।

# कल भागवताचार्य अनुराग कृष्ण शास्त्री वृन्दावन वालों का आगमन



राजनांदगांव (दावा)। कलि अवतारी, तीन बाणधारी, हारे के सहारे के फाल्गुन की ग्यारस में हुए जन्म को रामाधीन मार्ग के श्रीश्यामकुटी परिवार व श्रीदासीश्याम मंडल द्वारा स्वर्ण रजत महोत्सव में महान भक्त और श्याम की दीवानी श्रीमीरा चरित्र का गुणगान और कथा अनुरागकृष्ण शास्त्री द्वारा 8 नवम्बर से श्रीअग्रसेन भवन में होगा। शास्त्री जी की एक विशाल भागवत कथा उदयाचल में उदयाचल परिवार द्वारा पूर्व में आयोजित की गई थी। पूरे 50वर्षों से श्यामकुटी में खाटूवाले सावलिया सेठ, श्रीश्याम प्रभु की सेवा, पूजा, भोग, परसादी, सत्संग, भजन नियमित रूप से होते आ रही है। जयंती महोत्सव के 6 दिवसिय कार्यक्रम में सबसे वरिष्ठ सदस्य निर्मल शर्मा, विमल शर्मा, विनोद शर्मा के मार्गदर्शन में हो रही है। श्रीखाटू नरेश श्याम प्रभु को 40 से 50 वर्ष पूर्व बहुत कम भक्तगण जानते थे लेकिन 25 से 30 वर्षो में तो उनको कलयुग का अवतारी मानते हुए शहर-शहर और बहुत से गांव में भी श्रीश्याम प्रभु के बड़े-बड़े मंदिर दिखाई देते है श्रीश्यामप्रभु को अब तो लाखों नहीं करोड़ों उनके भक्तजनों, श्रद्धालुओं का खाटू आना निरंतर जारी रहता है। लेकिन श्रीश्यामकुटी, श्रीदासीश्याम मंडल अपना खाटू तो शहर के रामाधीन मार्ग स्थित श्रीश्याम दरबार को मानता है। महोत्सव में होने वाले व्यवस्थाओं के व्यवस्थापक अनिल शर्मा, अवधेश जोशी, कौशलेन्द्र जोशी, संजय अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, नितिश अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल और मंयक शर्मा है। पूरा जयंती महोत्सव का कार्यक्रम श्रीमति रजनी शर्मा और विनोद शर्मा के निर्देश पर किया जा रहा है। अपने सुमधुर गुरूवंदना और गुरूभजन तथा श्रीश्याम गुणगान व भजन कि प्रस्तुति पियुष शर्मा व रोहित शर्मा निखिल टांक देंगे। देश के अनेक राज्यों के अनेक शहरों में महोत्सव का आमंत्रण भक्तजनों को पहुंच और मिल चुका है आने वाले भक्तगण अपने आप को बड़े भाग्यशाली अपने गुरूदरबार में आकर मानते है यहां आने वाले का मानना है कि हमारे चारों धाम और खाटू धाम हमारा श्रीश्याम कुटी ही है। स्थानीय स्तर पर भी महोत्सव के आमंत्रण भक्तगणों को दिए जा रहे है जिसमें अंकित, अर्पित, प्रशांत, सागर भी अपने अपने स्तर से जुड़े हुए है। श्रीश्यामकुटी श्रीशक्तिधाम, श्रीअग्रसेन भवन की साज श्रृंगार और व्यवस्था रवि शर्मा राहुल, करण अग्रवाल, चैतन्य, अभिनव, हर्ष, सागर अग्रवाल, आयुष शर्मा सम्भाल रहे है जयंती संबधित उक्त जानकारी शैलेश शर्मा ने दी है।

# वंशाचार्य उदितमुनी नाम साहेब पर हमला का प्रयास निंदनीय- कांग्रेस

**प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चा में फेल, मुख्यमंत्री व गृहमंत्री इस्तीफा दें, राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग**

**0 बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन आयोजित,**
**0 बलरामपुर में पुलिस थाने में हुई मौत जांच के मुख्य बिन्दु है**



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था के चलते स्थिति बद से बदत्तर हो रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार की लचर प्रशासन से कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। राज्य में लगातार अपराध गढ़ बन रहा है। बलरामपुर में पुलिस अभिरक्षा में पुलिस प्रताड़ना से एक युवक गुरूचरण की मौत हुई है इसी तरह पुलिस की अक्षमता और सरकार के अनिर्णय के कारण बलौदाबाजार कार्यालय जला दिया गया। कवर्धा में पुलिस से न्याय की उम्मीद छोड़ चुकी जनता ने एक व्यक्ति को उसके घर में जिंदा जला दिया ऐसी और भी कई घटनाएं हो चुकी है वर्तमान दीपावली पर्व में दामाखेडा में कबीर पंथ के आचार्य प्रकाशमुनी नाम साहेब के आश्रम में उपद्रवियों द्वारा हमले व दुर्व्यवहार किया गया जिसके विरोध में आज 05 नवंबर को शहर के महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री से इस्तीफा मांगा।

धरना-प्रदर्शन का संचालन कर रहे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश में विगत 10 माह में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड चुकी है बलरामपुर में पुलिस अभिरक्षा में पुलिस प्रताडना से एक युवक की मौत तथा हाल में ही कबीर पंथ के वंशाचार्य उदितमुनी नाम साहेब के आश्रम दामाखेडा में उपद्रवियों द्वारा हमला व दुर्व्यवहार किया गया। इसी तरह प्रदेश में रोजाना कई आपराधिक घटनायें हो रही है जिसे प्रदेश की भाजपा सरकार रोकने में पूरी तरह असफल हो चुकी है। आज के धरना-प्रदर्शन में राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति, हत्या, बलात्कार, डकैटी, चोरी के विरोध में कांग्रेसजनों ने राज्य की भाजपा सरकार को जमकर कोसा।

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार और अवैध कारोबार का गढ़ बन गया है। भाजपा की सरकार आते ही नशा का कारोबार बढ़ा जिसके कारण अपराधिक प्रवृत्ति तेजी से बढी और अपराध का ग्राफ बढ़ता गया सरकार इन लोगों को रोकने के बजाय शह देने का काम कर रही है जो भाजपा नेता पहले शराब की नदियां बह रही है बोलते थे वे आज कहां है कितनी शराब दुकान बंद हुई बताएं। आज प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। विष्णुदेव साय सरकार में ही अपराध लगातार सायं-सायं बढ़ रही है इनको रोकने व प्रदेश की माताएं, बहनें की सुरक्षा का हम कांग्रेसजन संकल्पित होकर कार्य करेंगे।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि भाजपा की राज व विष्णुदेव साय के 10 माह की सरकार से छग के चहूंओर असंतोष व अराजकता डर का माहौल बन गया है। घुमका जो गौरव ग्राम कहलाता था वह आज नशा ग्राम बन गया भाजपा सरकार आते ही। कबीर पंथ गुरू ग्राम दामाखेड़ा में जिस प्रकार का माहौल बना है वह सोचनीय विषय है, प्रदेश में हो रही घटनाओं से साफ नजर आ रही है कि भाजपा के राज में भय, आतंक, लूट, हत्या जैसी वारदात लगातार बढ़ रही है। सरकार चलाने वाले कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे है। भाजपा सरकार हर मोर्चा पर फेल हो चुकी है। इस नाते प्रदेश के मुखिया व गृहमंत्री को नैतिकता के नाते अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने सभा को संबोधित हुए कहा कि बलरामपुर में जिस प्रकार की घटना वह बड़े ही दुख की बात है। पहले बालौदा बाजार में आक्रोशित भीड़ व असामाजिक तत्वों ने जिला कार्यालय को फूका डाला था। इसके बाद कवर्धा में लोहारीडीह कांड में पुलिस अभिरक्षा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अब दीपावली पर्व पर कबीर आश्रम दामाखेड़ा में उपद्रवियों द्वारा कबीर पंथ के आचार्य प्रकाशमुनि नाम साहेब के निवास पर हमला कर दुर्व्यवहार की घटना से साबित हो गया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनायें रोक पाना सरकार के बस की बात नहीं है। आज पूरे प्रदेश में भय, आतंक का माहौल बना हुआ है। लूट, डकैती लगातार बढ़ रही है जिससे पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदहाल हो गई है। एक भाजपा नेता प्रेसवार्ता लेकर अपराधिक प्रवृत्ति बढ़ी है करके बयानबाजी करते है किन्तु यह नहीं बोलते कि भाजपा के राज में कानून व्यवस्था का क्या हाल है। कांग्रेस मांग करती है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व गृहमंत्री विजय शर्मा नैतिकता के नाते इस्तीफा दें और प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू हो।

धरना प्रदर्शन को संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, अब्दुल कलाम, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, जिपं सदस्य क्रांति भंडारी, मोहनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, पंकज बांधव, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, मेहुल मारू, रौशनी सिन्हा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, रमेश राठौर, विवेक वासनिक, शहर कांग्रेस महामंत्री झम्मन देवांगन, जिला महामंत्री चुम्मन साहू, सुरेश सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, हीरा सोनी, राजू सिन्हा, जयनारायण सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, सुरेन्द्र देवांगन, मामराज अग्रवाल, संदीप सोनी ने संबोधित किया।

इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, अब्दुल कलाम, अभिमन्यु मिश्रा, मोहिनी सिन्हा, पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, मधुकर वंजारी, विनय झा, सतीश मसीह, शरद पटेल, मनीष साहू, महेश साहू, पूर्णिमा नागदेवे, अरविंन्द वर्मा, सचिन टूरहाटे, अवधेश प्रजापति, प्रज्ञा गुप्ता, भोला यादव, एजाज अंसारी, आरबी मिश्रा, शाबिर जिंदरान, दीनू साहू, मदन साहू, डा.राकेश कुमार, तुलदास साहू, ज्ञानेन्द्र चौधरी, अब्दुल खान, भरत सोनी, खिलेश्वर पाल, शकील रिजवी, खिलेश बंजारे, शैलेन्द्र जोशी, शैलेष ठावरे, सुनिता सिन्हा, अब्बास खान, मो इशांक खान, संगीता साहू, मुस्तफा जोया, राजेश चौहान, देवेन्द्र साहू, जितेश सिमनकर, सुरेन्द्र गजभिये, निलेश ठावरे, विष्णु सिन्हा, रूपेश साहू, शौर्य वैष्णव, आशीष सोनकर, ऋषभ केमे, राहुल देवांगन, संदीप जायसवाल, तेनसिंह साहू, कुलेश्वर साहू, रमेश मंडावी, नासिर खा, अनिल साहू, कन्हैयालाल हिरवानी, पलक सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# मितान क्लब के राजेश मारु की तबीयत खराब होने पर पुलिस प्रशासन ने बनाया ग्रीन कारीडोर

राजनांदगांव (दावा) पाताल भैरवी मंदिर से जुड़े मितान क्लब के अध्यक्ष राजेश मारु की अचानक तबीयत खराब हो गई। उसके त्वरित इलाज कराने रायपुर श्री रामकृष्ण हास्पिटल ले जाने पुलिस प्रशासन द्वारा ग्रीन कारीडोर बनाया गया।

मितान क्लब से जुड़े लोक गायक विष्णु कश्यप ने बताया कि दीपावली पर्व के एक दिन पहले राजेश मारु की तबीयत अचानक खराब हो गई। उसे हृदय तकलीफ थी। संस्था के लोगों द्वारा श्री मारु को त्वरित इलाज के लिए पुलिस प्रशासन से सहायता मांगी जाने उपरांत ऐसी आपात स्थिति मे एसपी मोहित गर्ग के निर्देश पर श्री मारु को रायपुर ले जाने के लिए तत्काल ग्रीन कारीडोर उपलब्ध कराया गया। इससे उसे बगैर किसी यातायात बाधा के श्री रामकृष्ण हास्पिटल ले जाया जा सका। जहां श्री मारु का एडमिट किए जाने पश्चात इलाज उपलब्ध हो सका। फिलहाल हास्पीटल से छुट्टी होकर वह घर मे ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। संस्था द्वारा आपात स्थिति से श्री मारु के इलाज के लिए ग्रीन कारीडोर की व्यवस्था कराने के एसपी मोहित गर्ग सहित समूचे पुलिस प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

# राज्योत्सव में डॉ. रमन सिंह ने शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभागीय स्टॉल एवं प्रदर्शनी का किया अवलोकन



**राज्योत्सव में विभिन्न विभागों के स्टॉल में जनसामान्य को शासन के जनहितकारी योजनाओं की मिली जानकारी**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभागीय स्टॉल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

राज्योत्सव के अवसर पर जनससंपर्क विभाग के स्टॉल में शासन की लोकहितकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही छत्तीसगढ़ जनमन, सुशासन के नए आयाम, उदित छत्तीसगढ़, रोजगार नियोजन, किताब एवं पत्रिका का निःशुल्क वितरण किया गया। शासन तथा जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान को प्रदर्शित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में पौष्टिक आहार, छत्तीसगढ़ी व्यंजन लड्डू, गुलगुला भजिया, रेडी टू ईट हलुआ, सेव, खुरमी, ठेठरी, सलाद, फल, पौष्टिक अन्न, भाजियों की विभिन्न किस्मों के बारे में जानकारी दी गई। पोट्ठ लईका पहल, बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के संबंध में बताया गया। कृषि विभाग के स्टॉल में कृषक पाठशाला अंतर्गत किसानों को रागी, कोदो, कुटकी जैसे लघु धान्य फसलों के संबंध में जानकारी दी गई तथा आर्गेनिक फुड प्लाजा में रागी से बने इडली, कोदो से बने इडली और खीर, अम्बाड़ी शरबत, सीताफल आइस्क्रीम तथा अन्य व्यंजन भी जनसामान्य के लिए उपलब्ध रहे। उद्यानिकी विभाग के स्टॉल में फूलों की खेती अंतर्गत जरबेरा, आर्किड के फूल, हरे, लाल एवं पीले रंग की शिमला मिर्च के साथ ही हल्दी, भटा, फूलगोभी, टमाटर की विभिन्न वेरायटी व लौकी, कद्दू, तुमा सहित विभिन्न उद्यानिकी फसलों के संबंध में जानकारी दी गई। शिक्षा विभाग के स्टॉल में पीएमश्री योजना अंतर्गत ग्राम मोर कुटुम्ब स्कूल में बनाएं गए पीएमश्री योजना के तहत बच्चों के पढने के लिए अच्छे वातावरण, कला एवं आईसीटी सुविधा समग्र विकास हेतु अन्य सुविधाओं को मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के स्टाल में समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए विभिन्न खाद्य पदार्थ एवं सामग्री उपलब्ध रहे। बिहान द्वारा गढ़कलेवा में बड़ा, दाल का बड़ा, मुंगोड़ी, फरा, चिला एवं अन्य छत्तीसगढ़ व्यंजन एवं अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध रही। इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा भी स्टॉल लगाकर शासन की योजनओं की जानकारी दी गई।

समाज कल्याण विभाग के स्टॉल में मुख्यमंत्री असंगठित कर्मकार सिलाई योजना, मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री नौनीहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जल संसाधन विभाग अंतर्गत दो मध्यम योजनाएं द्वारा जलाशय एवं शिवनाथ व्यपवर्तन परियोजना तथा योजनावार सिंचाई की जानकारी दी गई। आयुष विभाग के स्टॉल में पंचकर्म, हृदय रोग से बचाव के घरेलू उपाय, स्वस्थ जीवन शैली के संबंध में बताया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा स्वस्थ दांत, मलेरिया से रोकथाम एवं बचाव, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बधिरता एवं रोकथाम, क्षय उन्मूलन के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही स्टॉल में लोगों ने ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच कराई। पुलिस विभाग के स्टॉल में नवा बिहान सायबर जन-जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। नगर निगम के स्टॉल में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना मोर मकान मोर आस, मोर संगवारी योजना अंतर्गत शासकीय सेवाओं की घर पहुंच सेवा, सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ, डायरिया से बचाव, गीला कचरा-सूखा कचरा एवं उसे रिसायकिल करने के संबंध में जानकारी दी गई। आदिम जाति कल्याण विभाग के स्टॉल में शासन की लोकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही परंपरागत छत्तीसगढ़ी आभूषण पटिया, खिनवा, सुता, पुतरी, पहुंची, कलगी, कंठी की जानकारी दी गई तथा आदिवासी संस्कृति के प्रतीक के तौर पर वाईसन हार्न भी प्रदर्शित किया गया। लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग के स्टॉल में जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल कनेक्शन को प्रदर्शित किया गया। पशुपालन विभाग अंतर्गत अनुदान पर डेयरी उद्यमिता विकास योजना, बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना, पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग के स्टॉल में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना सहित दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। वन विभाग के स्टॉल में महुआ के लड्डू, जंगली शहद सहित अन्य वनोपज की प्रदर्शनी सह विक्रय किया गया। साथ ही वन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। रूचि स्वसहायता समूह द्वारा हस्तशिल्प एवं विभिन्न प्रकार की घरेलू वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई।

इस अवसर पर श्रीमती गीता घासी साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकान्त भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, रमेश पटेल, राजेन्द्र गोलछा, पद्मश्री पुखराज बाफना, विनोद खाण्डेकर, भरत वर्मा, किशुन यदु, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डे, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

*भगवान ने सिर्फ दो ही रास्ते दिए हैं। या तो देकर जाइए या फिर छोड़कर जाइए। साथ ले जाने की कोई व्यवस्था नहीं है इसलिए सदा प्रसन्न रहें।*

# कनाडा में कायराना हरकत, हिंदू मंदिर पर हमले की हर जगह हो रही निंदा

भारत को इसके लिए तैयार रहना चाहिए कि कनाडा में भारतीय मूल के लोगों और धार्मिक स्थलों को खालिस्तानी अतिवादी तत्वों की ओर से आगे भी निशाना बनाया जा सकता है क्योंकि वहां कुछ माह बाद आम चुनाव होने हैं और यह किसी से छिपा नहीं कि इन चुनावों में अपनी राजनीतिक दशा सुधारने के लिए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थकों का सहारा ले रहे हैं।

कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में हिंदू सभा मंदिर में खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों के हमले के दौरान वहां की पुलिस जिस तरह मूकदर्शक सी बनी रही, उससे यही पता चलता है कि कनाडा सरकार भारत विरोधी तत्वों को शह दे रही है। इस नतीजे पर पहुंचने का एक कारण यह भी है कि कनाडा के साथ अमेरिका की भी नागरिकता लिए खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कुछ दिनों पहले यह धमकी दी थी कि कनाडा के हिंदुओं को दीवाली नहीं मनाने दी जाएगी।

इस धमकी के बाद भी यदि खालिस्तानी चरमपंथी हिंदू मंदिर में धावा बोलने आ गए तो इसका यही मतलब निकलता है कि कनाडा सरकार का उन पर लगाम लगाने का कोई इरादा नहीं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और वहां के प्रमुख विपक्षी दल के नेता ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाए जाने की निंदा की, लेकिन इनमें से किसी ने भी खालिस्तान समर्थकों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं समझा।

खालिस्तान समर्थक अतिवादी तत्वों ने हिंदू मंदिर परिसर में भारतीय उच्चायोग की ओर से आयोजित एक शिविर को भी निशाने पर लिया। इस शिविर में बड़ी संख्या में सिख भी मौजूद थे। साफ है कि खालिस्तान समर्थक कनाडा में रह रहे हिंदुओं के साथ सिखों के लिए भी मुसीबत बन रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने जिस हिंदू मंदिर को निशाना बनाया, उसमें सिख भी आते हैं।

यह स्वाभाविक ही है कि भारत ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया की, लेकिन इसका कनाडा सरकार की सेहत पर शायद ही कोई असर पड़े। कनाडा में पिछले कुछ समय से खालिस्तान समर्थक हिंदू मंदिरों को लगातार निशाना बना रहे हैं और चूंकि उनके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जा रही, इसलिए उनका दुस्साहस बढ़ रहा है।भारत को इसके लिए तैयार रहना चाहिए कि कनाडा में भारतीय मूल के लोगों और धार्मिक स्थलों को खालिस्तानी अतिवादी तत्वों की ओर से आगे भी निशाना बनाया जा सकता है, क्योंकि वहां कुछ माह बाद आम चुनाव होने हैं और यह किसी से छिपा नहीं कि इन चुनावों में अपनी राजनीतिक दशा सुधारने के लिए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थकों का सहारा ले रहे हैं।ऐसा करके वह भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा बने खालिस्तानी अतिवादियों को बेलगाम ही कर रहे हैं। वह यह समझने को तैयार नहीं कि खालिस्तान समर्थक भारत के साथ-साथ कनाडा के लिए भी खतरा बन सकते हैं। वे पहले से ही ड्रग्स और हथियारों के साथ मानव तस्करी में लिप्त हैं। जस्टिन ट्रूडो को यह समझना होगा कि कनाडा की नागरिकता लिए खालिस्तानी अतिवादी खालिस्तान का कितना ही शोर मचाएं, भारत में उसका कहीं कोई समर्थन नहीं। भारत को कनाडा के साथ अमेरिका के रवैये पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि वह गुरपतवंत सिंह पन्नू को खुले तौर पर संरक्षण दे रहा है।

## परिचर्चा

# 25 वें वर्ष को छूता छत्तीसगढ़-कला- साहित्य जगत में बढ़ता छत्तीसगढ़

**विजय मिश्रा "अमित"**



सात राज्यों से घिरा छत्तीसगढ़ राज्य जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदाओं सहित विविध कलाओं से समृद्ध राज्य है। राज्य बनने के पूर्व यहां की सांस्कृतिक गतिविधियां, धरोहर, उपेक्षित थे। यहां के कलाकारों को छोटी मोटी प्रस्तुतियों के लिए भोपाल मध्यप्रदेश का मुंह ताकना पड़ता था, किंतु राज्य गठनोपरांत छत्तीसगढ़ को हरेक दृष्टि से पृथक पहचान मिली।

किसी भी राज्य की पहचान वहां की कला, संस्कृति, साहित्य ही होती है। इसे चरितार्थ करते हुए छत्तीसगढ़ के खान-पान, पहनावा, रीति रिवाज और पर्यटन स्थल को भारत के मानचित्र पर और विदेशों में तेजी से प्रचारित-प्रसारित-स्थापित होने का अभूतपूर्व अवसर पच्चीसवें वर्ष को छूते छत्तीसगढ़ को मिला।

पच्चीसवें पायदान पर पग धरते छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति- साहित्य-सिनेमा जगत की दशा दिशा पर परिचर्चा में शामिल विद्वजनों ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी।

### उम्रदराज कलाकारों की सुध ले सरकार- रमा दत्त जोशी



"सास गारी देवय ननद चुटकी लेवय ससुरार गोंदा फूल" गाने की लोकप्रिय गायिका रेखा-रमा-प्रभा दत्त जोशी बहिनों के नाम से ख्याति प्राप्त वरिष्ठ लोकगायिकाओं से रमा जोशी कहती हैं-हर्ष की बात है कि राज्य गठनोपरांत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन छत्तीसगढ़ में होने लगा है। यहां के कलाकार आए दिन राज्य के बाहर लोक नृत्यों का प्रदर्शन करके छत्तीसगढ़ की धरा को गौरवान्वित कर रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विशिष्ट जनों को राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव पर पुरस्कृत करने की गौरवशाली परंपरा भी आरंभ हुई है। पुरस्कार प्रक्रिया में पक्षपात का आरोप न लगे इस हेतु पुरस्कार की पात्रता, नियमों और शर्तों में और अत्यधिक स्पष्टता-पारदर्शिता लाने की आवश्यकता है। पुरस्कार हेतु उम्रदराज हो चले सुपात्रों को प्राथमिकता देने के अलावा आर्थिक मदद, स्वास्थ्य संबंधी सेवा सुविधाओं में वृद्धि की भी आवश्यकता है। विश्व धरोहर "नाचा" से नव पीढ़ी अवगत हो इसके लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होना चाहिए। लोकगीतों में नयापन के नाम पर भौंडापन घातक है।

### छत्तीसगढ़ी फिल्मों को मिले शासकीय अनुदान-नीतिश लहरी



छत्तीसगढ़ी फिल्मों के लेखक एवं निर्देशक नीतीश लहरी कहते हैं कि-राज्य गठनोपरांत छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माण की दिशा में उत्साहजनक प्रगति हुई है।छत्तीसगढ़ी सिनेमा को छालीवुड के नाम से प्रसिद्धि मिली है। वर्ष 1965 में बनी मनु नायक की पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म "कहि देबे संदेश" से आरंभ हुई फिल्मी यात्रा के अधखुले द्वार को पूरी तरह से खुलने का अवसर छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद मिला है। छत्तीसगढ़ी फिल्मों का प्रदर्शन राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में हुआ और मनोज वर्मा निर्देशित फिल्म "भूलन कांदा" को पुरस्कृत होने का गौरव भी मिला। वर्तमान में सर्वाधिक सफल फिल्म बनाने का कीर्तिमान श्री सतीश जैन के नाम है, जिन्होंने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माण के पथ को सुगम बनाया। छत्तीसगढ़ी फिल्मों के निर्माण में अत्याधुनिक कैमरे, लाइट और विविध प्रभावशाली इफैक्ट्स को इस्तेमाल करने की पहल हुई है।राज्य शासन की ओर से अब तक छत्तीसगढ़ी फिल्म विकास निगम, छत्तीसगढ़ी फिल्म सिटी का गठन नहीं हो पाना, फिल्मों को सब्सिडी नहीं देना छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत के लिए गतिरोधक सदृश्य है।दूरस्थ अंचलों में मिनी थियेटर की स्थापना, शूटिंग हेतु प्रशासनिक तौर पर सहजता से सहमति सुरक्षा तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

### मातृभाषा के रूप में दर्ज हो छत्तीसगढ़ी भाषा-नंदकिशोर शुक्ल



चौरासी वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर शुक्ल अपने विशिष्ट पहनावे के साथ ही छत्तीसगढ़ी भाषा को मातृभाषा का दर्जा दिलाने के लिए तन-मन-धन से संघर्षरत है।वे कहते है- छत्तीसगढ़ के पैंसठ प्रतिशत रहवासियों की भाषा छत्तीसगढ़ी है,अतः स्वाभाविक रूप से छत्तीसगढ़ की पहली भाषा छत्तीसगढ़ी ही होना चाहिए। आगे वे कहते हैं कि प्राथमिक स्तर की शिक्षा शत-प्रतिशत छत्तीसगढ़ी में हो तथा बाकी उच्च स्तर पर एक अनिवार्य विषय के रूप में हो, किन्तु जनप्रतिनिधियों की उदासीनता, नौकरशाहों की नीति और जनमन में दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव ने छत्तीसगढ़ी भाषा को दोयम दर्जे की भाषा बना कर रख दिया है।

भाषा के प्रचार प्रसार और समृद्धि हेतु छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग का गठन किया गया है, किन्तु अब तक स्वतंत्र अधिकार, नीति-निर्धारण, साधन सम्पन्न आयोग का दर्जा नहीं मिला है। कामकाज राज-काज छत्तीसगढ़ी भाषा में करने हेतु सरल मार्गदर्शिका बनाई जा चुकी है। वह भी धूल खाते पड़ी है। हर्ष की बात है नई पीढ़ी के बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़ को बेहतर सम्मान दे रहे हैं। रामचंद्र देशमुख जी की तरह यहां के कलाकार भी छत्तीसगढ़ी क्रांति जगाने पुरजोर कदम उठाएं।

### आदिमजाति संस्कृति का संरक्षण हो सर्वोच्च प्राथमिकता-रिखी क्षत्रिय



छत्तीसगढ़ के लोकवाद्यों के संरक्षक, मशहूर लोक नर्तक, अनेक बार दिल्ली के गणतंत्र दिवस समारोह में शिरकत कर चुके रिखी क्षत्रिय कहते हैं कि-

राज्य गठनोपरांत दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातत्व स्थलों की चलित झांकियों को अब तक सत्रह बार प्रदर्शन करने का अवसर मिल चुका है। इससे विदेशियों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से रू-ब-रू होने के साथ ही छत्तीसगढ़ की भित्ति चित्र, कास्ट धातु, टेराकोटा बेल मेटल शिल्प को विश्व स्तर पर प्रसिद्धि मिली।

छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य राज्य है। इस दृष्टि से इनकी कला संस्कृति की समृद्धि संरक्षण हेतु विशेष प्रयास जरूरी है। हर्ष की बात है कि छत्तीसगढ़ और देश के अन्य राज्यों के आदिमजाति समुदाय के लोकनृत्यों सहित वर्ष 2019 में पहला 2021 में दूसरा और 2023 में तीसरा विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। इस समारोह से आदिम जनजातियों की जीवन शैली, पर्वों, परम्पराओं, नृत्यों, वाद्यों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच मिला। यद्यपि इस दौरान इस बात का दुखद पहलू भी नजर आया कि देश-विदेश के जनजातीय समुदाय की नृत्य शैली- पहनावा में शहरी संस्कृति का घुसपैठ हो रहा है। यह चिंताजनक विषय है। इसे देखते हुए विविध जनजाति समुदाय के जीवन स्तर में सुधार के साथ ही पारंपरिक रीति रिवाज को संरक्षित रखने गंभीरता से कार्य होना आवश्यक है।

परिचर्चा के सभी प्रतिभागियों के विचारों से यह बात छनकर बाहर आती है कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में राजनीतिक स्थिरता बनी हुई है। इसका प्रत्यक्ष लाभ लेते हुए यहां की भाषा, कला, संस्कृति, सभ्यता, साहित्य और पुरातत्व के संरक्षण हेतु जनप्रतिनिधियों को ईमानदारी से आगे आना ही चाहिए। राज्य गठनोपरांत छत्तीसगढ़ के पर्वों पर अवकाश देने की पहल हुई है जो की राज्य की लुप्त होती परंपराओं पकवानों और विविध खेलों के संरक्षण की दृष्टि से बहुपयोगी कहा जा सकता है। छत्तीसगढ़ के पर्व हरेली, छेरछेरा, तीजा, भक्त माता कर्मा जयंती, विश्व आदिवासी पर घोषित अवकाश ने नई पीढ़ी को पर्यावरण, परम्परा और संस्कारों से जुड़ने का व्यापक अवसर दिया है।यह सराहनीय है क्योंकि-जिस गांव में पानी नहीं गिरता, वहां की फसलें खराब हो जाती हैं,और जहां साहित्य-संस्कृति का मान नहीं होता, वहां की नस्लें खराब हो जाती है।

लोक-हिंदी नाट्य निर्देशक
अग्रोहा कालोनी, पोआ- सुंदरनगर
रायपुर (छ.ग.) 492013
मोः-9893123310

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 305 : श्री राम के रथ ने तमसा नदी से दक्षिण पूर्व दिशा की ओर किया प्रस्थान

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



लक्ष्मण जी भी अपने सोच विचार में इसी निष्कर्ष पर पहुंच रहे थे कि सोए हुए अयोध्यावासियों को छोड़कर आगे बढ़ना है। श्री राम ने उनसे ऐसा ही कहकर एक स्पष्ट निर्णय प्रदान कर दिया।

अभी भी रात्रि का गहन अंधकार है और दोनों भाई सुमंत जी के पास जा पहुंचे जो अभी भी निद्रालीन हैं।

दोनों भाइयों ने सुमंत जी को जगाया। सुमंत जी तुरंत नींद से जाग गए।

श्री राम ने उनसे कहा, "हमें यहां से तुरंत प्रस्थान करना चाहिए सुमंत जी! अभी अयोध्यावासी गहरी नींद सो रहे हैं और यही समय है कि हम यहां से दूर निकल जाएं।"

"आप उचित कह रहे हैं प्रभु। मैं रथ को अत्यंत सावधानीपूर्वक यहां से दूर ले जाता हूं। घोड़ों को यहां से दूर ले जाकर ही रथ में बांधना उचित होगा।"

श्री राम, लक्ष्मण जी और सुमंत जी अपने हाथों से रथ को सावधानीपूर्वक खींचकर दक्षिण पूर्व दिशा की ओर ले गए। सुमंत जी ने घोड़ों को पुनः रथ में बांधा। श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी ने तमसा नदी को प्रणाम किया।

श्री राम ने अपने दोनों हाथ जोड़कर निद्रालीन अयोध्यावासियों को प्रणाम करते हुए कहा, "मेरे आत्मीयजन! मैं आपको प्रणाम करता हूं और इस बात के लिए आप सबसे क्षमा चाहता हूं कि मैं आप लोगों को सूचित किया बिना और अपने साथ लिए बिना वनवास के लिए यहां से आगे प्रस्थान कर रहा हूं। मैं यहां से आप सबका प्रेम अपने साथ लेकर आगे जा रहा हूं और आपकी शुभकामनाओं की ऊर्जा के बल पर ही आगे के मेरे प्रवास के वर्ष अत्यंत सार्थक और उपयोगी सिद्ध होंगे।"

सीता जी और लक्ष्मण जी ने भी सोए हुए अयोध्यावासियों को प्रणाम किया। सुमंत जी ने सारथी का दायित्व पुनः संभाल लिया और श्री राम, सीता जी तथा लक्ष्मण जी रथ पर आरूढ़ हुए। अभी भी रात्रि का हल्का धुंधलका छाया हुआ है। रथ दक्षिण पूर्व दिशा में आगे बढ़ा।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

# आज कमला-कमल की बात

**अमेरिका की खबर पढ़कर**
**बानी बोले - "गजाधर!**
**अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव के लिए**
**आज वोटिंग होगी**
**तो इसमें जीत किसकी होगी**
**डोनाल्ड ट्रम्प की, या कमला हैरिस की?**
**क्या कहती है**
**आपकी भविष्य वाणी?**
**गजाधर मुस्कराए, बोले- 'बानी!**
**चुनाव में भविष्यवाणी की बात नहीं**
**मेरी तो दृढ़ इच्छा है यही**
**कि हमारे भारत मूल की कमला हैरिस को**
**राष्ट्रपति का पद मिले,**
**ताकि अमेरिका में**
**प्रसन्नता से कमला और भारत में**
**आनन्द से कमल खिले।**
**तो फिर बानी!**
**इस कमल-कमला से**
**दोनों देशों का मैत्री संबंध**
**इस कदर बढ़ेगा**
**कि हर क्षेत्र में उसका**
**विकासात्मक प्रभाव पड़ेगा।"**



**-गिरीश बख्शी**

# लोक आस्था और विश्वास का पावन पर्व छठ

**(शंकर मुनि राय)**



प्रकृति पूजा की सुदीर्घ परम्परा भारतीय संस्कृति में वैदिक काल से ही चली आ रही है. अग्नि, वायु, वरुण, सूर्य और संध्या की अर्चना-वंदना आज भी हिन्दू धर्म में प्रचलित है. पर समय के प्रवाह में भक्ति निवेदन की प्रचलित परिपाटी में बदलाव आया है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता. प्रकृति पूजा की इस प्राचीन परम्परा में भगवान भास्कर की जो पूजा है, उसकी आज भी महत्ता बनी हुई है.

छठ पूजा की पौराणिक कथा - मार्कण्डेय पुराण के अनुसार जब ब्रह्माजी ने दुनिया का निर्माण शुरू किया तो सबसे पहले उन्होंने स्वयं को दो भागों -पुरुष और प्रकृति में विभक्त किया . उसके बाद प्रकृति ने अपने आप को छह भागों में विभक्त किया. प्रकृति के छठवें भाग को छठी कहा गया है. प्रकृति के इस भाग को माता रूप में स्वीकारने के कारण लोकभाषा में इसे छठी माता कहा गया है. ब्रह्म पुराण के अनुसार छठी माता को देवसेना के नाम से भी जाना जाता है. ये ऋषि कश्यप और अदिति की मानसपुत्री मानी गयी हैं. ये भगवान सूर्य की बहन और कार्तिकेय की पत्नी हैं.

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष षष्ठी को मनाये जाने वाले सूर्य-पर्व (छठ) की ऐतिहासिकता बिहार राज्य की मिट्टी से इस प्रकार जुडी है कि इसे यहाँ की संस्कृति से अलग कर के नहीं रखा जा सकता. वास्तव में यह आस्था और विश्वास का महान पर्व है. प्रचलित मान्यता के अनुसार वर्त्तमान झारखण्ड राज्य के पलामू जिले के देव नामक स्थान पर स्थित भगवान सूर्यदेव का मंदिर स्वयं विश्वकर्मा द्वारा एक ही रात में तैयार किया गया था. यहां जाकर छठ मानाने का विशेष महत्त्व है. सूर्य पूजन का यह महान पर्व साल में दो बार चैत और कार्तिक मास में मनाया जाता है, जिसमे स्त्री-पुरुष देव मंदिर में भगवान सूर्य की पूजा करने के लिए देश के विभिन्न भागों से यहां आते हैं. लोगों का विश्वास है कि छठ व्रत करने से कुष्ठ रोग नहीं होता है अथवा यदि कोई ऐसा रोगी है तो वह सूर्योपासना से शीघ्र ही ठीक भी हो जाता है. इसके अलावा संतान प्राप्ति की कामना से भी यह व्रत किया जाता है. इतना ही नहीं, घर-परिवार और अपने सभी शुभचिंतकों की कुशल-कामना के लिए भी यह व्रत किया जाता है. इस व्रत में तीन दिन तक के उपवास का विधान है. साथ ही कार्तिक की ठंढी रात में उदरस्थ जल में खड़ा होकर अपनी भक्ति दर्शायी जाती है.

प्रचलित प्रथा के अनुसार चतुर्थी को व्रती लोग इस पूजा की शुरुआत करते हैं. एक तरह से यह दिन व्रत धारणा का दिन होता है, जिसे लोक भाषा में "नहाय-खाय" का दिन कहा जाता है. इस दिन, दिनभर निर्जला रहने के बाद रात में लौकी की सब्जी, चने की दाल, चावल या रोटी खाने का विधान है. पंचमी के उपवासी दिन को "खरना" कहा जाता है. इस दिन भी निर्जला रहने के बाद रात में गुड़ से बनी खीर और सादी रोटी खाई जाती है. इस दिन नमक खाने का निषेध है. इसके बाद अगले लगभग छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास होता है. षष्ठी के दिन शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है. वास्तव में छठ का अर्घ्य उदरस्थ जल में खड़ा होकर ही देने का विधान है. इसके लिए जलाशयों में जाना अनिवार्य हो जाता है. छठ का अंतिम अर्घ्य सप्तमी की सुबह बाल सूर्य को देकर उपवास तोड़ा जाता है. इस लोग पर्व की वैज्ञानिकता भी प्रमाणित है. सूर्य ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत है. जीवों की उत्पत्ति में सूर्य रश्मियों का बहुत महत्त्व है. आयुर्वेद के अनुसार उदरस्थ जल में खड़ा होने से पेट की बीमारियां दूर हो जाती हैं. इस व्रत के बहाने जलाशयों की साफ-सफाई और जल संरक्षण की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है. प्रातःकालीन स्नान और जल समाधि की क्रिया से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है. अर्घ्य में कच्चे मौसमी फलों को अर्पित करने के विधान में वनस्पति संरक्षण का सूत्र शामिल है. सबसे बड़ी बात यह है कि इस व्रत में पहले अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा होती है. इस विधान में जीवन का दर्शन शामिल है. अर्थात जो डूबता है वही उदित होता है

"जिन ढूंढा तीन पाइयाँ, गहरे पानी पैठ ।
जो बौरा डुबन डरा, रहा किनारे बैठ ।।

यही सृष्टि का शाश्वत विधान है. भगवान भास्कर आपकी मनोकामनाएं पूर्ण करें!

विभागाध्यक्ष- हिंदी,
शा. दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव

## राशिफल


मेष

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। व्यवसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी सेवारत हैं उन लोगों को कोई बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा।


वृषभ

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। परिवार में सभी एक-दूसरे की भावनाओं को समझेंगे।


मिथुन

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको खुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी।


कर्क

आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें।


सिंह

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती हैं। नए काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है, लेकिन मौके को हाथ से न जाने दें।


कन्या

कल प्रेम जीवन में खुशियां लौट आएंगी और आप अपनी बात को अपने प्रिय के दिल तक पहुंचा सकेंगे. नौकरीपेशा लोगों को उनकी मेहनत के अच्छे नतीजे मिलेंगे. यदि आप कोई व्यापार करते हैं तो गवर्नमेंट से अच्छा लाभ मिल सकता है. प्रॉपर्टी खरीदने में सफलता मिल सकती है. कॉम्पिटीशन एग्जाम में सफलता मिल सकती है.


तुला

कल का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा. प्रेम के रिश्ते में बड़ों का आशीर्वाद पाकर अभिभूत हो जाएंगे और शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन पहले के मुकाबले मजबूत बनेगा और खुशियां भी आएंगी. नौकरीपेशा लोग अपने काम को अच्छे से इंजॉय करेंगे और उसमें उसके अच्छे नतीजे प्राप्त करेंगे.


वृश्चिक

कल के दिन गृहस्थ जीवन बढ़िया रहेगा. आप अपने रिश्ते को लेकर काफी पजेसिव रहेंगे और अपनी पर्सनल लाइफ को मजबूत बनाएंगे. नौकरीपेशा लोग अपने काम को लेकर काफी गंभीर हो सकते हैं. व्यापारी वर्ग की उम्मीदें और बढ़ेंगी. कल कोई बड़ा काम हाथ में ना लें. पैसों का निवेश सोच समझ कर करें।


धनु

कल का दिन आपके लिए मध्यम रहेगा. प्रेम संबंधों में आनंददायक समय रहने वाला है. शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहेगा. पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा. नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है. आपकी मेहनत रंग लाएगी. खर्च कम होंगे, इनकम अच्छी होगी.


मकर

कल का दिन आपके लिए मध्यम रहेगा. प्रेम जीवन में अपने प्रिय को खुश रखने में कामयाब रहेंगे. शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन उत्साहजनक रहेगा. खुद पर विश्वास बढ़ेगा. व्यापार कर रहे लोगों को किसी दूसरे बड़े व्यापारिक व्यक्ति से लाभ मिलेगा.


कुंभ

कल प्रेम संबंधों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा. रिश्ते में प्यार और रोमांस रहेगा. शादीशुदा लोगों के लिए भी दिन अच्छा है. आपसी सूझ-बूझ बनाए रखेंगे. नौकरीपेशा लोगों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा.आपके काम में तरक्की होगी. व्यापारी वर्ग के लिए दिन अच्छा रहेगा. आपके प्रयास सफल होंगे और आपका मनोबल ऊंचा रहेगा.


मीन

कल के दिन अपने अच्छे कम्युनिकेशन के बल पर अपने प्रिय के दिल को जीतने में सफल रहेंगे. शादीशुदा लोग अपने गृहस्थ जीवन में खुश रहेंगे, लेकिन आप के परिवार वालों और जीवनसाथी के बीच थोड़ी तनातनी हो सकती है, जिसमें हस्तक्षेप करके ही आप मामले को संभाल पाएंगे. नौकरीपेशा लोग अपने काम में मजबूत नजर आएंगे।

## लघुकथा

# // आज तक //

एक मनोविज्ञान के छात्र ने अपने सेवानिवृत्त अध्यापक पिता से पूछा- "बाबूजी! मैंने एक उदाहरण से सुख की परिभाषा लिख ली है। अब मुझे स्वयं से ही दुख की परिभाषा लिखनी है। आप एकाध उदाहरण बताइए दुख का ?"

"ठीक है। सुनो।" अध्यापक पिता बोले- "मेरे एक मित्र बंशीलाल की पत्नी का छः महीने पहले स्वर्ग वास हुआ है। पत्नी के जाने के चार महीने के बाद उसके छोटे बेटे और बहू आकाशीय वज्रपात से चल बसे। उनका एक दूधमुँहा बच्चा है। बड़ा बेटा कैंसर से जूझ रहा है। डॉक्टरों ने जवाब दे दिया है कि उसका बचना मुश्किल है। उसके भी दो छोटे बच्चे हैं। बंशीलाल अपने घर तक को गिरवी रख चुका है। एक मात्र छोटी सी खेत को परसों की बारिश ने पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। इस उदाहरण से तुम दुख की परिभाषा लिख सकते हो। तुम अच्छी तरह...।" आगे कुछ और बता ही रहे थे कि पिता का गला भर्रा गया।



अपने आँसुओं को अंदर धकेलते हुए पिता को पुत्र देखता ही रह गया। वह दुख की परिभाषा आज तक नहीं लिख पाया।

**टीकेश्वर सिन्हा "गब्दीवाला'**

# महाराष्ट्र का अन्तर्राज्यीय गौ तस्कर मनोहर मनघटे गिरफ्तार

खैरागढ़ (दावा)। गौ तस्करी के छ.ग.-म.प्र.-महाराष्ट्र लिंक ध्वस्त करने केसीजी पुलिसको मिली बड़ी सफलता, 30 जुलाई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि कैम्प मौहादार के आगे कुछ दूरी पर कुछ व्यक्ति पैदल मवेशियों को निर्दयता पूर्वक मारपीट करते हुए कत्लखाना ले जा रहे है, कि सूचना मिलने पर जिस पर पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई त्रिलोक बसंल (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतेश कुमार गौतम के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़/गंडई लालचंद मोहले के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी गातापार उनि. मोरध्वज देशमुख के नेतृत्व में हमराह स्टाफ के साथ ग्राम मौहाढार पहुंचे, मवेशियों को डंडे से पिटते हुए ले जा रहे थे, दो लोग पुलिस गाड़ी को देखकर भाग गये एवं एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा जिसका नाम पता पुछने पर अपना नाम शिव नंदन साहू पिता स्व. खेदू राम साहू उम्र 55 साल निवासी मुढ़ीपार थाना गातापार जिला केसीजी का रहने वाला बताया। जो ग्राम मुढ़ीपार सें मवेशियों को कटेमा की ओर पुनीत टेकाम के दैहान में ले जाना बताया। जिसे पूछने पर भाग गये। दो व्यक्ति के नाम पुनीत टेकाम के बेटे राजेश टेकाम, सुंदर टेकाम निवासी मौहाढार का होना बताया। आरोपियों से गाय 55 नग कीमती 1,50,000 रूपये, बछिया 45 नग कीमती 60,000 रूपये, बछड़ा 30 नग कीमती 30,000 रूपये कुल 130 नग मवेशियों कुल कीमती 2 लाख 40 हजार रूपये मुताबिक जप्ति पत्रक समक्ष गवाहों के जप्त किया तथा आरोपीगण राजेश टेकाम व संदुर टेकाम ने बयान में उक्त मवेशी को अन्तर्राज्यीय गौ तस्कर सबर अली के साथ मिलकर तस्करी करना



○ केसीजी पुलिस ने 130 गौ वंश को कत्लखाना जाने से बचाया
○ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण में अब तक 10 गौ तस्करों को किया गया है गरफ्तार

बताया। प्रकरण में आरोपियों कृत्य धारा सदर का अपराध पाये जाने से आरोपी शिवनंदन साहू पिता स्व. खेदूराम साहू उम्र 55 साल निवासी मुढ़ीपार थाना गातापार व सुन्दर टेकाम पिता पुनीत राम टेकाम उम्र 22 साल, राजेश टेकाम पिता पुनीत टेकाम उम्र 20 साल दोनो निवासी मौहाढार थाना गातापार को 03 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। घटना दिनांक से मुख्य आरोपी सबर अली फरार हो गया था, जिसे 12 अक्टूबर को आरोपी सबर अली को गिर. कर पूछताछ करने पर बताया कि उक्त मवेशियों को पानगांव निवासी मनोहर मनघटे को महाराष्ट्र ले जाकर बेच देता है। विवेचना पर प्रकरण में ग्राम पंचायत मुढ़ीपार के सरपंच घनश्याम सिन्हा की भी संलिप्तता एवं आरोपियों को मवेशी उपलब्ध कराने में संलिप्तता पाये जाने पर क्रमशः सोमवार 04 नवंबर, मंगलवार 5 नवंबर को सरपंच घनश्याम सिन्हा एवं मनोहर भोजराम मनघटे पिता भोजराज मनघटे उम्र 25 साल निवासी वार्ड नंबर 03 पानगांव पोस्ट पाउलदौना थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया को गिरफ्तार किया गया है। केसीजी पुलिस द्वारा प्रकरण में गौ तस्करी के छ.ग.- म.प्र.- महाराष्ट्र के चैनल तक पहुंच कर गौवंश तस्करी में लिप्त प्रत्येक आरोपियों का प्रकरण में गिरफ्तारी की गई है। जिससे मवेशी तस्करी में लिप्त अपराधियों में नकेल कसने में सफलता मिली हैं। उक्त कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी निरी. अनिल शर्मा, उनि. मोरध्वज थाना प्रभारी गातापार, सउनि रोहित रजक सउनि. टैलेश सिंह, प्र.आर कमलेश श्रीवास्तव, आर. विभाष सिंह, त्रिभुवन यदु एवं सत्यनायारण साहू थाना गातापार से प्र.आर. तेजान सिंह धुव्र, आरक्षक हेमंत साहू, प्रदीप कुमार, कमलेश कोर्राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गौरव ग्राम घुमका में मदिरालय खोले जाने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित



घुमका (दावा)। 26 अक्टूबर को गौरव ग्राम घुमका में मदिरा दुकान खोलने के लिए आबकारी विभाग ने ग्राम पंचायत को पत्र प्रेषित कर मदिरालाय के लिए पंचायत प्रस्ताव की मांग की थी। आबकारी से पत्र प्राप्त होने के तीसरे दिन मदिरालय के लिए प्रस्ताव लेने ग्राम पंचायत घुमका ने आबकारी विभाग के पत्र का हवाला देकर जनपद पंचायत से विशेष ग्राम सभा की अनुमति की मांग की इस मांग पर 29 अक्टूबर को जनपद पंचायत के सीईओ ने गौरव ग्राम में मदिरालय खोले जाने के लिए प्रस्ताव पारित करने विशेष ग्राम सभा की अनुमति प्रदान करने पत्र जारी कर दी किन्तु पत्र में विशेष ग्राम सभा की तारीख तय नहीं था। आबकारी विभाग के द्वारा पंचायत प्रस्ताव की मांग व जनपद पंचायत से विशेष ग्राम सभा की अनुमति के बाद ग्राम पंचायत ने 5 नवंबर मंगलवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर प्रस्ताव पारित करने में सफल हुए इस ग्राम सभा में अब तक के ग्राम सभा से सर्वाधिक उपस्थित 400 लोगों की दर्ज की।

सरपंच फूलमती जय कुमार वर्मा, सचिव धनेंद्र सुलाखे ने बताया कि ग्राम सभा 1 बजे शुरू की गई थीं, 3 बजे तक प्रस्ताव पर चर्चा होता रहा किंतु उपस्थित ग्रामीणों में से किसी ने भी यहां मदिरालय खोले जाने का विरोध नहीं किया और ना ही कोई आपत्ति दर्ज कराई गई। ग्रामीणों का मानना है कि यहां एक दशक से शराब दुकान बंद है, किंतु यहां गली-गली में शराब आसानी से महंगे दाम पर उपलब्ध हो जाता है जिससे नाबालिक भी इसके चपेट में आ रहे हैं। गांव का माहौल खराब होता रहा है जो गौरव ग्राम की छवि को धूमिल करते जा रहा है। इसलिए यहां स्थाई रूप से मदिरालय का होना आवश्यक बताते है। कहते है कि मदिरालय पुनः प्रारंभ करने के प्रस्ताव पर मोहर लगा दी है। अधिकांश ग्रामीणों का कहना है कि मदिरालय बंद तो कर दिया गया था किंतु अवैधानिक रूप से मदिरा की बिक्री को रोकने किसी ने रूचि नहीं दिखाई, यदि यहाँ अवैधानिक रूप से शराब का कारोबार नहीं होता तो यह प्रस्ताव नहीं लिया जाता।

विशेष ग्राम सभा में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य दिलीप पटेल, उपसरपंच राजेश वर्मा, दुर्गेश द्विवेदी, पंच शैलेन्द्र वर्मा, रूपनारायण साहू, फागु यादव, महिला पंच श्रीमति डॉली दुबे, योगिता सिंह चन्देल, पूर्णिमा बाई वर्मा, रेवती बघेल, साधना गायकवाड, जमुना बाई, भागबति मरई, नोहेंद्र सिन्हा, नूनकरन वर्मा, जिवेंद्र दुबे, प्रहलाद यादव, छन्नू आडिल, दिलीप चन्देल, नरेंद्र राजपूत, युवराज चन्देल, मनबोध वर्मा, मुकेश वर्मा, सहित सैकडों ग्रामीण उपस्थित रहे।

बता दे कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चिंताराम द्विवेदी एवं बेनी प्रसाद दुबे के यादगार में घुमका को गौरव ग्राम की उपाधि प्राप्त हुई थी जिसके चलते यहां मार्च 2012 से शराब दुकान बंद कर दी गई थी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार की शराब नीति 2024-25 में नई शराब दुकान नहीं खोलने का निर्णय लिया गया है। वही गौरव ग्राम में साजिश के तहत शराब दुकान खोलने की तैयारी का प्रशासनिक दुस्साहस भाजपा सरकार को नीतिहीन साबित कर दिया है।

# पहला कॉलम...

## आबकारी विभाग ने महाराष्ट्र राज्य निर्मित देशी दारू फिरकी संत्री शराब 223 नग पाव सहित वाहन जप्त



डोंगरगढ़(दावा)। आबकारी वृत्त डोंगरगढ़ द्वारा अवैध शराब विक्रय करने वाले के खिलाफ कार्यवाही कर, महाराष्ट्र राज्य निर्मित देशी दारू फिरकी संत्री शराब के 223 नग पाव सहित उपयोग में आने वाले वाहन को जप्त किया गया। आबकारी विभाग की ओर से घटना के संबंध में बताया गया कि, दिनांक 05 नवंबर को आरोपी राकेश खोब्रागड़े के पास से घटनास्थल ग्राम पीटेपानी रोड पर 40.14 बल्क लीटर अंतर्राज्यीय महाराष्ट्र राज्य निर्मित देशी दारू फिरकी संत्री शराब 223 नग पाव एवं काले रंग की पलसर 135 मोटर सायकल एमएच 35-एसी7777 जप्त की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2), 59(ए) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आबकारी उपनरीक्षक (परि.) उज्जवल कुमार सूत्रधर के नेतृत्व में मुख्य आरक्षक जनार्दन पांडे, आरक्षक भोजराज बंजारे, आबकारी स्टाफ खेमचंद मांडवी, अश्वनी शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई।

## इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय के छात्रों ने बिलासपुर में दी पंचलाइट की प्रस्तुति

### पंचलाइट नाट्य मंचन में बताई गई 60 के दशक की कहानी



खैरागढ़ (दावा)। डी.पी. विप्र महाविद्यालय बिलासपुर में शनिवार 19 अक्टूबर को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के नाट्य विभाग द्वारा साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु द्वारा रचित कहानी पंचलाइट की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के निर्देशक रहे डॉ. योगेन्द्र चौबे ने बताया कि यह नाट्य 60 के दशक की कहानी है जिसमें बिहार के ग्रामीण परिवेश का मंचन किया गया है। उक्त कहानी में नायक गोधन एवं नायिका मुंजरी की प्रेम कहानी को दर्शाया गया है। साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु ने कहानी में सामाजिक स्थिति का सजीव चित्रण किया है। उक्त कार्यक्रम का नाट्य रूपांतरण रंजीत कपूर, निर्देशन डॉ. योगेन्द्र चौबे व सहनिर्देशन धीरज सोनी ने किया।

### पंचलाइट में प्रेम और भोलेपन का है सजीव चित्रण

विश्वविद्यालय के कलाकारों द्वारा दी गई पंचलाइट की प्रस्तुति में प्रेम और भोलेपन का सजीव चित्रण देखने को मिलता है।। निर्देशक के द्वारा नाटक में नायक गोधन एवं नायिका मुंजरी की प्रेम कहानी दिखा गया।। गांव में पहली बार अंधेरा को दूर करने पेट्रोमैक्स एक तरह की गैस बत्ती खरीदकर लायी जाती है, परंतु गांव के भोलेभाले लोग उसे जला नहीं पाते हैं।। उक्त पेट्रोमैक्स को जलाने गांव का ही लड़का गोधन आता है जिसे गांव वालों ने इस बात से बाहर निकाल दिया था, कि वह गांव की लड़की मुंजरी से प्रेम करता था। मगर जब गोधन ने पेट्रोमैक्स को जलाया और इसके जलने से गांव में रौशनी आयी तब गांव वालों ने गोधन को स्वीकार कर लिया। इस तरह गांव में अंधेरा दूर होता है और गांव में रोशनी आती है।

### कार्यक्रम में इन कलाकारों ने दी प्रस्तुति

उक्त कार्यक्रम में डॉ. परमानंद पांडे, सोमनाथ साहू, हिमांशु कुमार, विक्रम वर्मा, अनुराग पंडा, रोहन जंघेल, विकास गायकवाड़, मानव जायसवाल, उन्नति दे, सोनल बागड़े, दिव्या राई, अंशु बंगारी, हर्ष गिरी भट्ट, अयान रजा, चुमेश्वर साहू ने शानदार प्रस्तुति दी।

## पुरानी रंजिश को लेकर पूरे परिवार के साथ की गई मारपीट

डोंगरगढ़(दावा)। प्रार्थी फूल बाई कोसरे ने पुलिस को बताया कि हम सहपरिवार जो कि रात्रि 8 बजे अपने घर में सो रहे थे। उसी बीच दरवाजा टुटने का आवाज आई और सभी लोग की नींद खुली बाहर से जोर-जोर से मां-बहन की गाली व जान से मारने की धमकी की आवाज आ रही थी। हमारे पडोस में रहने वाले रजनी बाई, मोंगरा बाई, राजू, रवि, अजय सतनामी बाहर का राचड़ तोड़कर अंदर आ गये और अंदर का दरवाजा तोड़ने लगे। तभी हम गांव के सरपंच को फोन किये सरपंच ने कहा कि जब तक 112 नंबर की गाड़ी नही आ जाती तब तक दरवाजा मत खोलना। बोले थोडी देकर बाद बाई तरफ दरवाजा खोले पर वह शांत नही हुये। उनके सामने ही हमे मारने लगे। मेरा भतीजा बसंत के गले को पकड़कर गिरा दिए तथा मेरी बहु हेमा को बाल पकड़ कर मारे, मेरे भाई नारायण पिता बुधु को सीना में लात व घुसा से मारे जो कि अभी अस्पताल में भर्ती है। थोडी देर बाद पुलिस की गाड़ी आयी तब वह शांत हुये। पुलिस की गाड़ी वापस होने बाद फिर गाली गलौज कर रहे थे। हमें जान से खतम करेगे कह रहे थे। हम अपना घर छोड़कर दूसरे के घर चले गये। सुबह उठकर घर आये तो पुनः गाली गलौज करने लगे। महोदय जी 10 दिन पहले मौखिक रूप से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी एवं दिनांक 4 नवंबर 2024 को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आए दिन हमें जमीन खाली करने की धमकी दी जाती है। जिसमें हमारी पुरी दो पीढ़ी उस घर में रहते हो गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

# सचिव संघ ने नवपदस्थ सीईओ का किया स्वागत

डोंगरगाँव (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगांव में नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में रोशनी भगत ने पदभार ग्रहण कर लिया है। बता दें कि इससे पहले नवीन मसियारे सीईओ के पद पर पदस्थ थे, इससे पूर्व श्रीमती भगत डौंडीलोहारा जनपद पंचायत में अपनी सेवाएँ दे रही थी। उनके पदभार ग्रहण करने पर सचिव संघ ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया है। इस दौरान संघ के अध्यक्ष रामदुलार साहू, ब्लॉक सचिव योगेश कुमार साहू, दिनेश यादव, मौसमी साहू, मोनिका खत्री सहित अन्य सचिव उपस्थित रहे।



# आदर्श नगर में हुए 9 लाख 50 हजार रुपए की चोरी में फरार अंतिम आरोपी हुआ गिरफ्तार

डोंगरगढ़(दावा)। सायबर सेल राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ पुलिस को चोरी के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। डोंगरगढ़ शहर के वार्ड नंबर 20 स्थित आदर्श नगर में हुए 9 लाख 50 हजार रुपए की चोरी में फरार अंतिम आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध जिला के विभिन्न थानों में है कई अपराधिक रिकार्ड दर्ज होने की जानकारी मिली है। मामला का खुलासा होने के बाद से आरोपी अपनी जगह बदल-बदल कर पुलिस को लगातार चकमा दे रहे थे।

प्रार्थी शिवेन्द्र भगत निवासी आदर्श नगर वार्ड न. 20 ने 07 जुलाई 2024 को थाना डोंगरगढ़ में एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 03 जुलाई 2024 को वह बाहर गांव चला गया था। 05 मई 2024 को जब सहपरिवार वापस लौटा तो मकान का ताला एवं घर अंदर आलमारी का लाकर टुटा हुआ था। आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी रकम सहित कुल- 9 लाख 50 हजार-रू. को कोई अज्ञात चोर-चोरी कर ले गया है कि, रिपोर्ट पर अपराध क्र0- 385/2024 धारा- 331, 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में मिली सफलता ये

प्रकरण के गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल मशरूका के पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ एवं सायबर सेल राजनांदगांव का टीम गठित किया गया था। उक्त दोनों टीम साथ मिलकर आपस में सांमजस्य मिलाकर अलग-अलग एंगल से अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल मशरूका के पता तलाश में जुट गये जिस पर गठित टीम द्वारा आरोपियों का पता तलाश कर आरोपी अजय कुमार जैन पिता सुरेश कुमार जैन उम्र 36 साल निवासी बसंतपुर वार्ड न. 38, थाना बसंतपुर, जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पिता विजय कुमार





0 गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध जिला के विभिन्न थानों में है कई अपराधिक रिकार्ड
0 मामला का खुलासा होने के बाद से आरोपी अपनी जगह बदल-बदल कर पुलिस को दे रहे थे चकमा

विश्वकर्मा उम्र 55 साल निवासी उमंग नगर टिकरापारा रायपुर, दिव्या जैन पति अजय कुमार जैन उम्र- 32 साल निवासी बसंतपुर को पकड़कर आरोपीगण से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम 35000 रू. सहित लगभग 305000 रू. बरामद कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर दिनांक 24 जुलाई 2024 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था एवं दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को आरोपी सुरेन्द्र जो अपना मूल नाम शाबिर अली पिता हदीश अली उम्र- 32 साल निवासी अली नगर बिजुरी थाना बिजुरी जिला अनुपपुर म.प्र. को गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जो सभी आरोपी अब तक जेल में निरूद्ध है।

प्रकरण में फरार आरोपी राजेश निवासी शिकारी महका थाना छुरिया का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। जो एक स्थान से दुसरे स्थान बदल-बदल कर अपना छुपाव हासिल कर रहे थे। जिसे सायबर सेल राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ पुलिस मिलकर ग्राम करेला भण्डारपुर के पास पकड़े आरोपी के कब्जे से एक नग मोबाईल एवं चोरी के एक नग अंगुठी जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध जिला के विभिन्न थानों में विभिन्न धाराओं पर कई अपराधिक प्रकरण दर्ज होना पाया गया है। उक्त आरोपी को पकड़ने में थाना डोंगरगढ़ के सउनि मुजीब रहमान कुरैशी एवं सायबर सेल राजनांदगांव से प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, प्र.आर. बसंतराव, आरक्षक प्रवेश वर्मा, अमित सोनी, जीवन ठाकुर, आदित्य सिंह, हेमन्त साहू का विशेष योगदान रहा है।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का

## अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ







खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा राजा फतेह सिंह खेल मैदान खैरागढ़ में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का रंगारंग शुभारंभ हुआ। कॉलेज और स्कूली छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति ने मन मोह लिया। साथ ही जिला स्तर पर लगाए गए स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना रहा। सर्वप्रथम जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू, नपा अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तदुपरांत अतिथियों द्वारा स्टॉल निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का जायजा लिया। आयोजन की इसी कड़ी में वेसलियन अंग्रेजी माध्यम स्कूल खैरागढ़ द्वारा सामूहिक गीत नृत्य अरपा पैरी के धार महानदी हे अपार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी हिंदी माध्यम स्कूल के बच्चों ने सुआ गीत पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुदराकुही के बच्चों ने बारहमासी गीत, विवेकानंद पब्लिक स्कूल खैरागढ़ के बच्चों ने सरगुजिया नृत्य किया। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक शाला के बच्चों ने सामूहिक दुर्गा पूजा (बंगाली) नृत्य, कन्या उत्तर माध्यमिक शाला खैरागढ़ के बच्चों ने कर्मा नाचे ल जाबो गीत पर सामूहिक नृत्य और डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उच्चतर माध्यमिक शाला खैरागढ़ कर्मा के ताल मा झूमबो गीत पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके अलावा वीरांगना अवंतिबाई शास. महाविद्यालय दुईखदान, शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह, रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खैरागढ़, रानी अवतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय छुईखदान के छात्र-छात्राओं ने भी शानदार संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टरद्वय सुरेंद्र ठाकुर, सुमन राज, अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, अनुविभागीय अधिकारी छुईखदान रेणुका रात्रे, जन प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकगण सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# डॉक्टरों की अनुपस्थिति व वरिष्ठ चिकित्सकों की निष्क्रियता के चलते मरीज हो रहे है परेशान





ग्रामीणों ने मचाया हंगामा, फिर भी डॉक्टर नहीं पहुंचे

डोंगरगढ़/मुरमुंदा(दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुरमुंदा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की नियमित उपस्थिति नहीं होने एवं जिम्मेदार चिकित्सकों की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र के मरीज प्राइवेट इलाज कराने मजबूर हो रहे हैं। डोंगरगढ़ राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण यह मार्ग अत्यंत व्यस्त मार्गो में जाना जाता है। यही कारण है कि इस मार्ग में आए दिन दुर्घटना होना आम बात हो गई है। ऐसे में दुर्घटनाग्रस्त मरीज का इमरजेंसी इलाज भी नहीं हो पाता, जो क्षेत्रवासियों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है।

### दुर्घटनाग्रस्त बच्चे इलाज के लिए भटकते देखे गए

सफल डिलीवरी करने वाले हॉस्पिटल में रात में नाइट ड्यूटी के डॉक्टर अधिकतर नदारद रहते है। ग्रामीण से मिली जानकारी अनुसार कल ग्राम मेढा में मंडई का आयोजन किया गया था। कुछ बच्चे मुरमुंदा के आसपास बाइक से गिर गए। जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरमुंदा लाया गया। उस वक्त हॉस्पिटल में न ही डॉक्टर था न ही नर्स। डॉक्टर को पूछने पर उपस्थित कर्मचारियों ने अपना पल्ला झाड़ दिया। गांव वालों ने बहुत देर तक हॉस्पिटल में हंगामा भी किया। मगर कोई भी जिम्मेदार डॉक्टर नहीं पहुंचे। इतना ही नहीं छोटे-छोटे केस को राजनांदगांव रेफर कर देते है। इस संबंध में ग्रामीणों ने विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.पी. इक्का को फोन भी लगाया मगर रिसीव नहीं किया गया।

# मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक में जनजाति गौरव स्मृति कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक, राजनांदगांव में जनजाति गौरव स्मृति कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 05 अक्टूबर से 15 नवंबर तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम का प्रारंभ 03 अक्टूबर को चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन से हुआ, जिसका विषय था- 'भारतीय जनजाति संस्कृति'। 5 अक्टूबर को रानी दुर्गावती की 500वी जयंती पर कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं द्वारा बनाई गई चित्रकला को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय आई.टी.आई, राजनांदगांव के प्राचार्य शातेन्द्र साहू उपस्थित हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में जनजातीय समाज की संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजने तथा जनजातीय समाज के प्रकृति प्रेम के बारे में छात्राओं को अवगत कराया।

इस अवसर पर 'जनजातीय समाज के वीर नायक-नायिकाओं की गौरवगाथा' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिनांक 09 अक्टूबर को 'जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। 19 अक्टूबर को 'जनजाति परंपरा' पर आधारित वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने रानी दुर्गावती, तीजन बाई, छत्तीसगढ़ की परंपरा, लोक नृत्य को जीवंत तरीके से प्रस्तुत करने का प्रयास किया।

दिनांक 21 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। समस्त प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आगामी दिवस में रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम का मुख्य आयोजन दिनांक 09 नवंबर को किया जाना प्रस्तावित है।

# पहला कॉलम...

## 36 साल के हुए कोहली

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बैटर विराट कोहली आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। 5 नवंबर 2024 को किंग कोहली 36 साल के हो गए हैं। मौजूदा समय में किंग कोहली भारतीय टीम के अहम खिलाड़ी हैं, जहां उन्होंने टीम इंडिया के लिए काफी अहम और बेहतरीन पारियां खेली है।



साल 2024 में विराट कोहली ने टी20 विश्व कप 2024 में भारत के खिताब जीतने के बाद टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया। अब वह टेस्ट और वनडे क्रिकेट में खेलते हुए नजर आते हैं। किंग कोहली की दीवानगी से हर कोई वाकिफ हैं। फैंस को हमेशा उनके जन्मदिन का बेसब्री से इंतजार रहता हैं और आज फैंस उन्हें सोशल मीडिया पर अलग-अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाईयां दे रहे हैं। ऐसे में कोहली के बर्थडे पर आज जानते हैं उनके क्रिकेट करियर के टॉप-10 रिकॉर्ड्स। वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 13000 रन बनाने का रिकॉर्ड भारतीय टीम के स्टार बैटर विराट कोहली के नाम दर्ज हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 10 सितंबर 2023 को अपने 278 वनडे मैच में यह कारनामा किया था। इस मामले में वह महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से भी आगे हैं, जिन्होंने अपने 321 वनडे मैच में ये उपलब्धि हासिल की थी। उनके नाम सिर्फ सबसे तेज वनडे में 13 हजार रन ही नहीं, ब्लकि सबसे तेज 8000 रन, 9000 रन, 10000 रन, 11,000 रन, 12,000 रन भी दर्ज हैं।

## सऊदी अरब में पहली बार हुई बर्फबारी



नई दिल्ली। सऊदी अरब से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। आम तौर पर अपने रेगिस्तान के लिए जाने जाने वाले सऊदी अरब के कुछ हिस्सों में इतिहास में पहली बार भारी बारिश और बर्फबारी देखी जा रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो अल-जौफ क्षेत्र में हाल ही में भारी बर्फबारी हुई, जिससे देश में एक शीतकालीन वंडरलैंड का निर्माण हुआ, जो आमतौर पर अपनी शुष्क जलवायु के लिए जाना जाता है। यह अभूतपूर्व बर्फबारी क्षेत्र में शुरू हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि की श्रृंखला के बाद हुई।

बताया जा रहा है कि अल-जौफ इलाके के लोग जब सुबह उठे तो उन्होंने सफेद बर्फ का आश्चर्यजनक नजारा देखा। सऊदी प्रेस एजेंसी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यहां न केवल बर्फबारी हुई, बल्कि झरने भी बने, घाटियां फिर से पुनर्जीवित हो गईं और इलाके को जीवन से भर दिया। सर्दियों जैसा दिखने वाला यह नजारा एक बदलाव का प्रतीक है, क्योंकि देश सर्दियों में प्रवेश कर रहा है, जिससे खूबसूरत वसंत ऋतु का मार्ग प्रशस्त हो रहा है जिसके लिए अल-जौफ प्रसिद्ध है। हालांकि, सऊदी मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में लगातार खराब मौसम की चेतावनी जारी की है। अल-जौफ के लोग अधिकांश हिस्सों में तूफान की उम्मीद भी कर सकते हैं। पूर्वानुमान के अनुसार आगे भारी बारिश और ओलावृष्टि होने से विजिबिलिटी कम हो सकती है। इन तूफानों के साथ तेज हवाएं चलने की भी आशंका है, जिससे अधिकारियों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## सलमान खान को धमकी देने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। एक्टर सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सलमान खान के नाम पर ट्रैफिक पुलिस को धमकी देने वाले शख्स को कर्नाटक से गिरफ्तार किया गया है। शख्स का नाम विक्रम है। विक्रम को कल (06 नवंबर) को मुंबई लाया जाएगा। धमकी देने वाले शख्स ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया है। धमकी के साथ उसने पांच करोड़ की फिरौती की मांग की है। धमकी देने वाले ने दावा किया कि वो लॉरेंस बिश्नोई

# भारतीय फुटबॉल पर पड़ा मैच फिक्सिंग का साया 24 खिलाड़ी, तीन क्लब पर लगा प्रतिबंध

नई दिल्ली। मिजोरम फुटबॉल एसोसिएशन ने हाल ही में राज्य में आयोजित प्रतियोगिता में कथित मैच फिक्सिंग के आरोपों के बाद तीन क्लब, 24 खिलाड़ी और तीन क्लब अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।



मिजोरम प्रीमियर लीग में मैचों के नतीजों में कथित रूप से हेरफेर करने के लिए तीन क्लबों - सिहफिर वेंघलुन एफसी, एफसी बेथलहम और रामहलुन एथलेटिक एफसी - को तीन मैच अधिकारियों के साथ तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

राज्य फुटबॉल ईकाई ने अपने बयान में कहा, स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ जांच के बाद मिजोरम फुटबॉल एसोसिएशन के संज्ञान में यह आया है कि हाल ही में संपन्न एमपीएल-11 में कुछ क्लब, अधिकारी और खिलाड़ी भ्रष्टाचार के कृत्यों में शामिल थे, जिसके लिए सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद उन्हें दंडित किया गया है।

एमएफए ने कथित भ्रष्टाचार में शामिल पाए गए दो खिलाड़ियों पर आजीवन प्रतिबंध, चार खिलाड़ियों पर पांच साल का प्रतिबंध, 10 खिलाड़ियों पर तीन साल का प्रतिबंध और आठ खिलाड़ियों पर एक साल का प्रतिबंध लगाया है।

एमएफए ने अपने बयान में कहा, कुछ शरारती तत्वों से जुड़ी ये गतिविधियां हमारे मूल्यों का गंभीर उल्लंघन दर्शाती हैं, हमारे खेल की अखंडता को कमजोर करती हैं और उन प्रशंसकों का अपमान करती हैं जो मिजोरम फुटबॉल का उत्साहपूर्वक समर्थन करते हैं। इन निष्कर्षों के परिणामस्वरूप, हमने इसमें शामिल लोगों पर सख्त जुर्माना लगाया है।

एमएफए ने अपने बयान में यह भी कहा, हम हितधारकों को यह भी आश्वस्त करते हैं कि इन गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले क्लबों को भविष्य की प्रतियोगिताओं में उनकी भागीदारी को प्रभावित करने वाले प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा, और इसमें शामिल खिलाड़ियों और अधिकारियों को एमएफए द्वारा उचित समझे जाने वाले निलंबन और अन्य अनुशासनात्मक उपायों के अधीन किया जाएगा।

तीनों क्लब शीर्ष राज्य लीग का हिस्सा हैं और सिहफिर अंतिम चार में पहुंची थी। सिहफिर को सेमीफाइनल में विजेता एजवाल एफसी से शिकस्त मिली थी। इस चुनौतीपूर्ण समय में फुटबॉल समुदाय से समर्थन की उम्मीद रखते हुए एमएफए ने कहा, हम फुटबॉल प्रशंसकों, साझेदारों और व्यापक फुटबॉल समुदाय से इस चुनौतीपूर्ण अध्याय को संबोधित करते हुए हमारे साथ खड़े होने का आह्वान करते हैं।

# मैच के दौरान आसमान से गिरी बिजली, एक खिलाड़ी की मौत





नई दिल्ली। फुटबॉल मैच के दौरान आसमान से गिरी बिजली खिलाड़ी की जान की दुश्मन बन गई. भारी बारिश के कारण रेफरी ने मैच रोकने का फैसला किया. खिलाड़ी मैदान से बाहर जा ही रहे थे कि भारी बारिश के बीच आसमान से गिरी बिजली ने सबसे होश उड़ा दिए. कई खिलाड़ी बिजली चपेट में आए. रिपोर्ट के मुताबिक, एक खिलाड़ी की मृत्यु हो गई. तो आइए जानते हैं कि यह दर्दनाक घटना कब और कहां हुई.

यह हादसा पेरू में पेश आया. जहां एक फुटबॉल मैच के दौरान मैदान पर गिरी बिजली ने खिलाड़ी की जान ले ली. रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना 03 नवंबर को हुई जब पेरू के शहर हुआनकायो में जुवेंटुड बेलाविस्टा और फमिलिया चोका क्लब के बीच फुटबॉल मैच खेला जा रहा था. मुकाबला देखने के लिए कुछ दर्शक भी मौजूद थे. दर्दनाक हादसा होता देख वहां मौजूद दर्शक भी चौंक जाते हैं.

मैच के बीच हुई भारी बारी को मद्दे नजर रखते हुए रेफरी ने खेल रोकना का फैसला किया. खेल रुकने के बाद सभी खिलाड़ी मैदान के बाहर जा ही रहे होते हैं, वैसे ही आसमान से तेज बिजली गिरती है और उसकी चपेट में कई खिलाड़ी आते हैं. इस हादसे में 39 साल के खिलाड़ी जोस ह्यूगो डे ला क्रूज मेसा की मृत्यु हो गई. बाकी खिलाड़ियों को अस्पताल ले जाया गया, जो बुरी तरह से जल गए थे.

## भारत ने पेश की 2036 ओलंपिक के आयोजन की दावेदारी

नई दिल्ली। ओलंपिक 2024 पेरिस में खेला गया था. इसके बाद अगला यानी 2028 का ओलंपिक यूनाइटेड स्टेट्स के लॉस एंजेलिस में खेला जाएगा. इसके बाद 2032 की मेजबानी के लिए भी देश और शहर तय हो चुका है. लेकिन अभी 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों को लेकर तय नहीं हो सका है कि उसका आयोजन कहां होगा. अब सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक, भारत ने 2036 में होने वाले ओलंपिक के आयोजन की दावेदारी पेश की है.



बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं है कि जब ओलंपिक 2036 के भारत में होने की खबर सामने आई है. इससे पहले भी इस को लेकर कुछ रिपोर्ट्स सामने आ चुके हैं, जिसमें बताया गया 2036 में होने वाले ओलंपिक के लिए भारत आगे आ सकता है. वहीं 2036 से पहले 2032 के ओलंपिक खेल ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में होंगे.

न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने सूत्र के हवाले से बताया कि भारत ने ओलंपिक 2036 के लिए दावेदारी पेश की है. भारत के ओलंपिक की मेजबानी करने के चांस बढ़ गए हैं क्योंकि भारतीय ओलंपिक संघ ने औपचारिक रूप से 1 अक्टूबर, 2024 को इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी को एक आशय पत्र सौंप दिया है.

भारत ने पिछले साल यानी अक्टूबर, 2023 में इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के 141वें सेशन की मेजबानी की थी. यह सेशन तीन दिन तक चला था, जिसके उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की इच्छा जाहिर की थी. इसके बाद पीएम मोदी ने 15 अगस्त के मौके पर लाल किले से एक बार फिर 2036 ओलंपिक की मेजबानी के संकल्प को दोहराया था. हालांकि गौर करने वाली बात यह है कि किसी भी देश को ओलंपिक की मेजबानी हासिल करने के लिए तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. ओलंपिक की मेजबानी हासिल करने के लिए सबसे पहला चरण इच्छा जताना होता है.

# सुनील गावस्कर ने बताई भारतीय बल्लेबाजों की सबसे बड़ी कमी

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाजों को एक समय स्पिन का मास्टर माना जाता था। भारत के बल्लेबाज स्पिनरों को बेहतरीन तरीके से खेलते थे जिसके कारण स्पिनर कभी भी उनके लिए परेशानी नहीं बने। हालांकि अब स्थिति बदल गई है। बीते कुछ सालों में देखा गया है कि भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों के सामने घुटने टेक देते हैं। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में भी यही देखने को मिला। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने बताया है कि क्यों भारतीय बल्लेबाज स्पिन के सामने कमजोर नजर आ रहे हैं।



भारत को हाल ही में न्यूजीलैंड के हाथों अपने घर में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को पहली बार अपने घर में तीन या इससे ज्यादा मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम के साथ पहले कभी भी ऐसा नहीं हुआ। ये हार भारत के लिए कलंक जैसी है। महान बल्लेबाजों में शुमार सुनील गावस्कर ने टीम इंडिया के बल्लेबाजों की उस कमी को उजागर किया है जिसके चलते उन्हें स्पिन खेलने में परेशानी हो रही है। गावस्कर ने कहा है कि ज्यादा सीमित ओवरों की गेंद से खेलने के कारण बल्लेबाज टेस्ट में हल्के हाथ से खेलना भूल गए हैं और ये स्पिन खेलने के लिए काफी अहम है। उन्होंने इंडिया टुडे से बात करते हुए कहा, ÷ये तब से हो रहा जब से सीमित ओवरों की क्रिकेट ज्यादा होने लगी है। सीमित ओवरों में बल्लेबाज कड़क हाथ से गेंद को खेलते हैं। वहां आप गेंद को पुश करते हैं ताकि गेंद दूर चली जाए। लेकिन जहां पिच के गेंदबाजों को मदद मिलती है। चाहे फिर गेंद स्विंग हो रही हो या सीम, वहां मुझे लगता है कि आपको हल्के हाथ से गेंद को खेलना चाहिए। अगर आप दोनों हाथ हल्के नहीं रख सकते तो एक हाथ हल्का रखें। इससे आप बैट की स्पीड को कंट्रोल कर पाएंगे। गावस्कर ने कहा, इससे क्या होगा कि जो गेंदें बल्ले का किनारा लेकर स्लिप में जा रही हैं तो वो आपके पास ही गिर जाएंगी। बल्ले की स्पीड एक बड़ा कारण है क्योंकि भारत इस समय टेस्ट से ज्यादा सफेद गेंद की क्रिकेट ज्यादा खेल रहा है।

# चलती ट्रेन पर हुई फायरिंग, मचा हड़कंप

भुवनेश्वर। ओडिशा में चलती ट्रेन पर फायरिंग हुई है। ट्रेन के ऊपर कई राउंड गोलियां दागी गई हैं। इस घटना के सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) मामले की जांच में जुटे हुए हैं। ट्रेन नंबर 12816 है। ओडिशा में बदमाशों ने नंदनकानन एक्सप्रेस पर गोलियां चलाई हैं। आज सुबह 9.25 बजे ये घटना घटी है। इस घटना को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब ट्रेन चरंपा रेलवे स्टेशन से रवाना हो रही थी। ट्रेन प्रबंधक से शिकायत मिलने के बाद भद्रक जीआरपी ने जांच शुरू कर दी है। ये गोलीबारी गार्ड के वैन डिब्बे की ओर की गई थी, जिसमें किसी भी यात्री के बैठने की जगह नहीं थी। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारी अभी भी यह जांच कर रहे हैं कि गोलीबारी किसने की और क्या मकसद था।रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) इस मामले की जांच कर रहे हैं। अधिकारी अभी भी यह पुष्टि करने के लिए काम कर रहे हैं कि क्या घटना में वास्तविक गोलीबारी शामिल थी या फिर ये पत्थरबाजी का मामला है।इससे पहले कई दिनों तक अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर बम की धमकी मिली थी। हालही में बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट ट्रेन में बम होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद ट्रेन में बैठे यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया था।

## ऋषभ पंत आईपीएल 2025 में इस टीम के बन सकते हैं कप्तान

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 के लिए जब टीमों की ओर से अपनी रिटेंशन लिस्ट जारी की गई तो इस बार कई चौंकाने वाले फैसले लिए गए। पहले से ही उम्मीद जताई जा रही थी कि कुछ बड़े खिलाड़ी अपनी अपनी टीम से रिलीज किए जाएंगे और हुआ भी ठीक ऐसा ही। खास तौर पर ऋषभ पंत का दिल्ली कैपिटल्स से रिलीज होना किसी के भी गले नहीं उतर रहा। खैर, अब वे रिलीज तो हो ही गए हैं, लेकिन बड़ा सवाल ये है कि ऋषभ पंत अगले साल होने वाले आईपीएल में किस टीम से खेलते हुए नजर आ सकते हैं।



ऋषभ पंत अभी तक आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे। वे टीम के लिए बतौर कप्तान ठीकठाक प्रदर्शन भी कर रहे थे। अब से कुछ दिन पहले तक अगर किसी से अंदाजा लगाने के लिए कहा जाता कि डीसी की टीम किसे रिटेन कर सकती है तो उसमें पहला नाम ऋषभ पंत का ही आता। लेकिन अब कहानी बदल चुकी है। वे अब इसी महीने होने वाले ऑक्शन में नजर आएंगे। वैसे तो ऋषभ पंत पर करीब करीब सभी टीमें दांव लगाएंगी और हो सकता है कि प्राइजवार भी हो जाए।

**0 कनाडा को जयशंकर की दो टूक: कहा- चरमपंथियों....**

भारत ने अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया। इसके अलावा, भारत ने कनाडा के छह राजनयिकों को भी निष्कासित कर दिया। इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों में ठंडक बढ़ गई है।

**कनाडा ने लगाए गंभीर आरोप**

कनाडाई अधिकारियों ने भारतीय एजेंटों पर खालिस्तानी समर्थकों को निशाना बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने भारतीय एजेंटों पर हिंसा और हत्या की साजिश रचने के भी आरोप लगाए। कनाडा ने यहां तक कहा कि बिश्नोई गिरोह को भारतीय एजेंटों ने कनाडाई धरती पर सक्रिय किया। भारत ने इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है और इसे बेबुनियाद बताया है।

**खालिस्तानी आतंकी पन्नू की धमकी**

इस विवाद के बीच खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें उसने एयर इंडिया में उड़ान न भरने की धमकी दी थी। इस पर जयशंकर ने जवाब देते हुए कहा कि भारत सरकार ने एयर इंडिया और उसके यात्रियों के लिए किसी विशेष खतरे की जानकारी नहीं दी है। पन्नू की इस धमकी को भारत ने गंभीरता से लिया है और इसके खिलाफ कदम उठाने की बात कही है।

**भारत-कनाडा संबंधों में बढ़ा तनाव**

इन तमाम घटनाओं से भारत-कनाडा के संबंधों में तनाव बढ़ता ही जा रहा है। जयशंकर ने कहा कि भारत की अखंडता और संप्रभुता पर किसी भी प्रकार की आंच आई तो भारत मजबूती से कदम उठाएगा। जयशंकर ने कनाडा को चेतावनी दी कि चरमपंथी ताकतों को पॉलिटिकल स्पेस देना खतरनाक हो सकता है। इससे कनाडा और भारत के बीच रिश्ते और बिगड़ सकते हैं।

**0 आज राज्योत्सव के समापन में विभिन्न अलंकरणों....**

पं. सुधाकर रामभाऊ शेवलीकर को प्रदान किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा लोककला एवं शिल्प के क्षेत्र में दिया जाने वाला दाऊ मंदराजी सम्मान पंडीराम मंडावी को प्रदान किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा ही छत्तीसगढ़ी लोकगीत के लिए लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान श्रीमती निर्मला ठाकुर (बेलचंदन) और छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के लिए खुमान साव सम्मान दुष्यंत कुमार हरमुख, कृषि विभाग द्वारा कृषि के क्षेत्र में डॉ. खूबचंद बघेल सम्मान संयुक्त रूप से श्री शिवकुमार चंद्रवंशी और खेमराज पटेल को प्रदान किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए महाराजा अग्रसेन सम्मान सियाराम अग्रवाल, समाज कल्याण विभाग द्वारा दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता के क्षेत्र में दानवीर भामाशाह सम्मान सुभाष चंद अग्रवाल, मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रीमती बिलासाबाई केंवटीन मत्स्य विकास पुरस्कार विनोद दास को प्रदान किया जाएगा।

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आदिवासियों की सेवा और उत्थान के क्षेत्र में दिया जाने वाला भंवर सिंह पोर्ते सम्मान सोनऊ राम नेताम को प्रदान किया जाएगा। श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में महाराजा रामानुज प्रताप सिंहदेव पुरस्कार संयुक्त रूप से सुरेन्द्र कुमार राठौर, शोभा सिंह एवं ललित कुमार नायक को प्रदान किया जाएगा। गृह (पुलिस) विभाग द्वारा अपराध अनुसंधान क्षेत्र में पंडित लखन लाल मिश्र सम्मान रामनरेश यादव, ग्रामोद्योग विभाग द्वारा बुनकर क्षेत्र में बिसाहूदास महंत पुरस्कार संयुक्त रूप से पन्नालाल देवांगन और बहोरी लाल देवांगन को प्रदाय किया जाएगा। ग्रामोद्योग विभाग द्वारा बुनकर के क्षेत्र में राजराजेश्वरी करूणामाता हाथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार संयुक्त रूप से श्री सत्यनारायण देवांगन एवं अरूण मेहर को दिया जाएगा।

संस्कृति विभाग द्वारा प्रदर्शनकारी लोककला क्षेत्र में देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार श्री भगत गुलेरी, संस्कृति विभाग द्वारा लोक शैली पंथी नृत्य प्रदर्शनकारी कला क्षेत्र में देवदास स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार साधे लाल रात्रे, संस्कृति विभाग द्वारा हिन्दी-छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन, अभिनय, पटकथा, निर्माण के क्षेत्र में किशोर साहू सम्मान प्रकाश अवस्थी, संस्कृति विभाग द्वारा ही हिन्दी-छत्तीसगढ़ी सिनेमा में निर्देशन के लिए दिया जाने वाला किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण सतीश जैन को प्रदान किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा तथा शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए धनवन्तरि सम्मान डॉ. मनोहर लाल लहेजा को प्रदान किया जाएगा। विधि एवं विधायी विभाग द्वारा विधि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान संयुक्त रूप से सुरेन्द्र तिवारी और प्रकाश चंद्र पंत को प्रदान किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा देश के बाहर सामाजिक कल्याण, मानव संसाधन विकास, कला, साहित्य अथवा आर्थिक योगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान आनंद कुमार पांडे, संस्कृति विभाग द्वारा साहित्य, आंचलिक साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए लाला

## प्रथम पेज का शेष

जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार डॉ. पीसी लाल यादव को प्रदान किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा पत्रकरिता प्रिंट मीडिया हिन्दी के क्षेत्र में चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार भोलाराम सिन्हा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (हिन्दी) के क्षेत्र में मोहन तिवारी, जनसपंर्क विभाग द्वारा प्रिंट मीडिया (अंग्रेजी) के क्षेत्र में मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार मुकेश एस. सिंह, जनसंपर्क विभाग द्वारा ही रचनात्मक लेखन और हिन्दी भाषा क्षेत्र में प्रदाय किए जाने वाले पंडित माधवराव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान अतुल जैन को प्रदान किया जाएगा।

**0 कमला या ट्रंप...अमेरिकी किसे....**

चुनाव ट्रंप ने जीता, क्योंकि उन्होंने इलेक्टोरल कॉलेज का बहुमत प्राप्त कर लिया था।

कमला की दावेदारी ने चुनाव को बनाया खास

इस बार डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से कमला हैरिस की उम्मीदवारी ने चुनाव को खास बना दिया है। अगर वह चुनाव जीतीं तो कई नए एतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर सकती हैं। इसके अलावा वह दूसरी ब्लैक शख्स और पहली ब्लैक महिला होंगी जो इस पद पर बैठेंगी। साथ वह पहली एशियन अमेरिकन और भारतीय अमेरिकन होंगी जो व्हाइट हाउस में पहुंचेंगी।

**कितने अमेरिकी डाल चुके हैं वोट**

अमेरिका में प्रारंभिक मतदान और डाक से मतदान पर नजर रखने वाले फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के 'इलेक्शन लैब' के अनुसार, 7.8 करोड़ से अधिक अमेरिकी पहले ही अपने वोट डाल चुके हैं। सात अहम राज्यों में से पेंसिल्वेनिया सबसे महत्वपूर्ण राज्य बनकर उभरा है, जिसके पास 19 निर्वाचक मंडल वोट हैं। इसके बाद नॉर्थ कैरोलाइना और जॉर्जिया में 16-16, मिशिगन में 15 और एरिजोना में 11 निर्वाचक मंडल वोट हैं। अन्य अहम राज्य विस्कॉन्सिन में 10 और नेवादा में छह निर्वाचक मंडल वोट हैं।

अमेरिका में 50 राज्य हैं और उनमें से अधिकतर राज्य हर चुनाव में एक ही पार्टी को वोट देते रहे हैं, सिवाय 'स्विंग' राज्यों के बताया जाता है कि चुनावी रूप से अहम माने जाने वाले इन 'स्विंग' राज्यों में मतदाताओं का रुझान बदलता रहता है। जनसंख्या के आधार पर राज्यों को निर्वाचक मंडल के वोट दिए जाते हैं। कुल 538 निर्वाचक मंडल वोट के लिए मतदान होता है। 270 या उससे अधिक निर्वाचक मंडल वोट पाने वाले उम्मीदवार को चुनाव में विजेता घोषित किया जाता है।

**0 'बिहार कोकिला' लोक गायिका...**

बाद में उनके स्वास्थ्य में सुधार होने पर उन्हें प्राइवेट वार्ड में स्थानांतरित किया गया था।

सोमवार को ही जारी हुआ था शारदा सिन्हा का नया छठ गीत

छठ गीतों की जब भी बात होती है तो पद्म भूषण से सम्मानित लोक गायिका शारदा सिन्हा का नाम सबसे पहले आता है। शारदा सिन्हा का मंगलवार रात को देहावसान हो गया। चार दिन का महापर्व छठ नहाय खाय के साथ मंगलवार से शुरू हो गया। जब उनका इलाज चल रहा था तो सोमवार को उनके द्वारा गाए नए छठ गीत 'दुखवा मिटाईं छठी मैया, रउए आसरा हमार' का जारी किया गया। यह सोमवार को एम्स से ही जारी हुआ था।

**0 छत्तीसगढ़ अद्भुत संभावनाओं से भरा....**

रोड कनेक्टिविटी, विद्युत, जैसी सुविधाएं अबूझमाड़ के क्षेत्रों तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में देश के कोयला भंडार का 18 प्रतिशत है। वहीं लोहा एवं अन्य खनिज पदार्थ प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में भी प्रदेश सशक्त बना है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने में देश के महान विभूतियों ने अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह राजनांदगांव में अनमोल कडियों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारे लाल सिंह, गजानंद माधव मुक्तिबोध, डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बखशी, डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र का महान साहित्यकरों का योगदान रहा है। राजनांदगांव में रमेश खर्रे, रम्मु श्रीवास्तव, विरेन्द्र बहादुर, पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर एवं कई विभूतियों ने सेवा की है। राजनांदगांव तेजी से विकास की दिशा में अग्रसर है। 370 करोड़ रूपए की लागत से मेडिकल कालेज का निर्माण, 300 करोड़ रूपए की लागत से शासकीय मातृ शिशु अस्पताल तथा दिव्यांगजनों के लिए सीआरसी सेंटर का निर्माण किया गया है। छत्तीसगढ़ की यात्रा में प्रदेश 26वें राज्य बनने के बाद स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते हैं कि वर्ष 2047 में हमारा देश 100 वर्ष की शताब्दी को पूर्ण करेगा, तब यह विकसित राज्य की श्रेणी में पहले या दूसरे पायदान पर होगा। इसी तरह हमारा छत्तीसगढ़ 2047 में देश के पहले या दूसरे पायदान पर होगा। हम छत्तीसगढ़ को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि 500 वर्ष के बाद इतिहास को बदलने तथा संस्कृति एवं स्वाभिमान के संरक्षण का कार्य अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के रूप में की गई है।

अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता साहू ने कहा कि आज राज्य स्थापना का 24वां वर्ष मनाया जा रहा है। उन्होंने सभी को राज्य स्थापना की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य बना है इसका पूरा श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की स्थापना हुई है। छत्तीसगढ़ नाम हमारी शान है। कही भी जाते हैं तो शान से छत्तीसगढ़ राज्य का नाम लेते हैं। छत्तीसगढ़ का निर्माण हुआ तो 15 वर्षों में छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ को चलना सिखाया। उन्होंने शिक्षा को मजबूत किया, सड़क बनवाएं एवं प्रदेश को विकास पथ की ओर आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कुपोषण को दूर करने के लिए शासन द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के 24 वर्ष पूर्ण हो गए हैं और हमारा प्रदेश सभी दिशाओं में चहुंमुखी विकास कर रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, किसानों के विकास सहित शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने के लिए कार्य किए गए हैं। प्रदेश ने विकास के नए आयाम गढ़े हैं और राजनांदगांव जिले में बहुमुखी विकास हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में जिले में अच्छा कार्य किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, बारहमासी सड़कों की संख्या बढ़ी है। जिले को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है। डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी पर्यटन स्थल का विकास, परिक्रमा पथ, ब्रिज निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी आयी है। जिले में 93 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएं गए हैं, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। धान खरीदी के कार्य में किसानों को दिक्कत नहीं हो रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकान्त भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल, रमेश पटेल, राजेन्द्र गोलछा, पद्मश्री पुखराज बाफना, विनोद खाण्डेकर, भरत वर्मा, श्री किशुन यदु, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डे, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से बढ़ रहा है-विधायक ललित चंद्राकर





00 जिले में हर्षोल्लास उमंग के साथ मनाया गया राज्योत्सव
00 विभागीय स्टॉल में दिखी विकास की गौरवगाथा
00 हितग्राहियों को सामग्री चेक वितरित कर लाभान्वित किया गया
00 सांस्कृतिक कार्यक्रम ने नागरिकों को रोमांचित कर दिया

मोहला (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला मुख्यालय मोहला में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्योत्सव के अवसर पर पूरे जिले में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जिले वासियों ने इस अवसर पर एक दूसरे को राज्य स्थापना की शुभकामनाएं दी। स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों के लिए जश्न मनाने का अवसर है, साथ ही साथ यह भूतपूर्व प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी को नमन करने और उन्हें धन्यवाद देने का अवसर भी है। उन्होंने आगे कहा कि एक समय छत्तीसगढ़ में बार-बार अकाल पड़ता था, किसानों को रोजी-रोटी की तलाश में पलायन करना पड़ता था। मजदूरों को आंदोलन करना पड़ता था। आदिवासियों का शोषण होता था। युवाओं के पास रोजगार नहीं था। महिलाओं के पास अधिकार नहीं था। गांव में गरीबी पसरी हुई थी। शहरों में गंदगी फैली हुई थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ से भोपाल कोसों दूर था। यहां से आवाज बहुत देर से वहां पहुंच पाती थी। इससे भी कहीं ज्यादा देर सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम छत्तीसगढ़ तक पहुंच पाए थे। इस स्थिति में छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने की मांग तेज हुई। उस समय सौभाग्य से केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई जी प्रधानमंत्री थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोगों की पीड़ा को समझा और यहां के लोगों की मांग को पूरा करते हुए अलग छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य अलग राज्य बना, तब से लेकर अब तक 24 साल पूरे हो गए हैं। आज छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी की सोच थी कि छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य हो जहां सुशासन हो और विकास की किरणें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। छत्तीसगढ़ में ऐसी सरकार हो, जो सभी वर्ग के लोगों के लिए समान दृष्टि से काम करें। राज्य में सभी नागरिकों के बीच सद्भाव हो। उन्होंने आगे कहा कि शुरुवात के तीन साल को छोड़कर 15 साल के सरकार में छत्तीसगढ़ राज्य विकास के अनेकों आयाम को छूने में कामयाब हुआ है। राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रेल मार्ग जैसी बुनियादी सुविधाओं संरचनाओं का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेती किसानी का विकास हुआ है। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मुहैय्या कराने की व्यवस्था शुरू हुई है।

उन्होंने सरकार के अनेक उपलब्धियां पर प्रकाश डाला और प्रदेश के विकास में हुए बदलाव को रेखांकित किया। उन्होंने आगे कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आज यहां डबल इंजन की सरकार है। केंद्र में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजबूत नेतृत्व और मार्गदर्शन हमें प्राप्त हो रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की क्षमता और नेतृत्व हमें मिला है। उन्होंने कहा कि केवल 10 माह के कार्यकाल में सरकार ने जो उपलब्धियां हासिल की है, यह उल्लेखनीय है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास, सरकार का मूल मंत्र है। उन्होंने आगे कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के बताएं आंदोलन के मार्ग पर सरकार चल रही है। जिसका अर्थ विकास की रोशनी को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व वाली सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि वंचित लोगों तक विकास की धारा पहुंचाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि राज्य के पुरातन संस्कृति को सुरक्षित करते हुए समाज में संस्कारों को मजबूत करने की दिशा में काम किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों, आदिवासियों, मजदूर, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और युवाओं की कल्याण के लिए प्राथमिकता के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य सरकार राज्य के लोगों से किए गए गारंटी को पूरा किया जा रहा है। किसानों से 31 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की गारंटी को पूरा किया गया है। किसानों को दो वर्षों के बकाया बोनस के रूप बकाया राशि अंतरित किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में हर महीने 70 लाख माताओं बहनों को 1000 की सहायता राशि दी जा रही है।

उन्होंने सरकार की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिवासियों और वनवासियों की आय में बढ़ोतरी के लिए तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 मानक बोरा से बढ़कर 5500 मानक बोरा कर दी गई है। राज्य के 18 लाख जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा कार्य किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ एक युवा राज्य है, हमारी सरकार युवाओं की शिक्षा के साथ-साथ उनके रोजगार के लिए भी ज्यादा से ज्यादा अवसरों का निर्माण कर रही है। नक्सल पीड़ित क्षेत्र में तेजी से शांति स्थापित हो रही है। इन क्षेत्रों को विकास की मुख्य धारा से जोडने के लिए सरकार द्वारा विकास और सुरक्षा की नीति के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए पूरी सफलता के साथ आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के विकास की रफ्तार और तेज होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का विजन डॉक्यूमेंट तैयार है और नई उद्योग नीति भी तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि विकास की बुलंदियों को प्रदेश छूता रहे और नहीं पहचान स्थापित करें।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने राज्योत्सव की शुभकामनाएं देते हुए जिले की उपलब्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिला निर्माण के पश्चात राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, जल जीवन मिशन, कृषि उन्नति योजना, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक पात्रता अनुसार लाभ पहुंचाया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित ना हो। कलेक्टर श्रीमति प्रजापति ने जिले की उपलब्धि और विकास को रेखांकित करते हुए कहा कि 2 साल के कार्यकाल में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी कामयाबी के साथ आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि जिला निर्माण के बाद जिले में तेजी से विकास होने लगा है। किसान, महिला, बुजुर्ग युवाओं के कल्याण के लिए मजबूती के साथ विकास योजनाएं चलाया जा रहा है।

जिला स्तरीय राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल के माध्यम से विभागीय योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों को रेखांकित किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों के द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं के तरत सामग्री और चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। जिसका पूरे जिले के नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ इसका आनंद लिया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मानपुर दिनेश शाह मण्डावी, जनपद अध्यक्ष मोहला लगनू राम चंद्रवंशी, सभी जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह पाटले, वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल, अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय राज्योत्सव में जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करने लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे स्टाल



खैरागढ़ (दावा)। राज्य स्थापना दिवस, 2024 के अवसर पर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में राज्योत्सव के मौके पर जनसंपर्क विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से संबंधित और विकास कार्य से संबंधित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। बड़ी संख्या में लोग जनसंपर्क विभाग का स्टाल में योजनाओं की जानकारी लेने पहुंच रहे हैं। विभाग द्वारा योजनाओं से संबंधित प्रचार प्रसार सामग्री वितरण किया जा रहा है। विभाग जनमन, सुशासन का सूरज, सुशासन के नवीन आयाम, रोजगार नियोजन का भी वितरण किया जा रहा है। योगेश्वरी जंघेल, सागर जंघेल और मोनिका नामदेव ने बताया कि विभाग द्वारा बहुत की अच्छी जानकारी वाली पुस्तिका दी जा रही है, इसका लाभ हम अवश्य उठाएंगे। लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि बच्चों की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए भी जनसंपर्क विभाग द्वारा दी जा रही पुस्तिका लाभदायक है।

## कर्मचारी समिति जेवरतला ने प्रतिभावान छात्राओं का किया सम्मान



हरदी (दावा)। कर्मचारी समिति जेवरतला रोड के द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कर्मचारी समिति अपने उद्देश्यों के साथ विगत 40 वर्षों से प्रतिभा सम्मान छात्र-छात्र सम्मान, ग्राम नागरिक सम्मान, नवनियुक्त कर्मचारी अभिनंदन व सेवानिवृत्त सम्मान किया जा रहा है। इस वर्ष समिति के द्वारा रामायण मंडली को कला के क्षेत्र में प्रोत्साहित करते हुए हारमोनियम सप्रेम भेंट किया गया साथ ही पुलिस आर्मी की भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए गोला, लंबी कूद, ऊंची कूद के लिए रेत व अन्य सभी सुविधा उपलब्ध कराते हुए प्रोत्साहित करने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

## जिला सतनामी सेवा समिति के डोंगरगांव ब्लाक का चुनाव अगले माह, सदस्यता अभियान शुरू




राजनांदगांव (दावा)। जिला सतनामी सेवा समिति डोंगरगांव ब्लाक का चुनाव अगले माह 7 दिसंबर को होना है। इसके लिए समिति द्वारा 5 नवंबर इस सदस्यता अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। जिला सतनामी सेवा समाज के अध्यक्ष युवराज दास ढीरहेर ने बताया कि जिले के डोंगरगांव ब्लाक में बैठक लेकर वार्षिक आम चुनाव के संबंध में चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि सतनामी सेवा समिति के डोंगरगांव ब्लाक का वार्षिक आम चुनाव आगामी 7 दिसंबर को की जाएगी। इसके लिए सदस्यता अभियान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान 7 से 20 नवंबर तक चलेगी। इसके बाद 21 को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। चुनाव के लिए नामांकन तिथि 25 नवंबर की सुबह 10,30 बजे से 26 नवंबर की शाम 5 बजे तक तय की गई है। वहीं नाम वापसी के लिए 29 नवंबर को शाम के 5 बजे तक तय किया गया है। जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष युवराज ढीरहेर ने बताया कि चिह्न का आबंटन 31 नवंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित है। मतदान 7 दिसंबर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक जारी रहेगा वहीं मतदान के ठीक बाद मतगणना कार्य किया जाएगा तत्पश्चात विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने डोंगरगांव ब्लाक के समस्त समाजिक बंधुओं को सदस्यता अभियान में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## चेन्दरीबन के पूर्व संकुल समन्वयक द्वारा न्योता भोज



हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में दुर्गेश कुमार साहू रानीतराई रोड निवासी पूर्व संकुल समन्वयक ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला से लगातार 5 वर्षों में 8 बच्चों के प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित होने की विशेष उपलब्धि में प्रभावित होकर शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत खीर, पूरी, चॉकलेट स्टॉफ एवं गणमान्य नागरिकों को लड्डू खिलाया गया। उक्त आयोजन में बच्चे, शिक्षक, एसएमसी अध्यक्ष द्वय, गणमान्य नागरिकों सहित 180 की संख्या में सम्मिलित हुए। इस उपलब्धि का श्रेय शाला के कर्मठ शिक्षकों को दिया गया। प्रयास में अध्ययन करके अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे है। इस अवसर में दुर्गेश कुमार साहू पूर्व समन्वयक, कोमलचंद आर्य माध्यमिक प्रधान पाठक, चन्द्रभूषण साहू प्राथमिक प्रधान पाठक, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, नीलम साहू, चैतन्य देवांगन शिक्षक, चमेली देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर शिक्षिका, श्रवण कुमार साहू, कमलेश हिरवानी, ढाल सिंह हिरवानी उपस्थित थे।

## सामान्य आपत्ति के पेंशन प्रकरणों का जल्द होगा निराकरण



0 संभागायुक्त ने जल संसाधन, लोक निर्माण, स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर जताई गहरी नाराज़गी

रायपुर (दावा)। आज 05 नवम्बर संभागायुक्त महादेव कावरे ने विभिन्न विभागों में बडी संख्या में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने और अगले महीनें तक प्रगति दिखाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। श्री कावरे ने आज जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, स्कूल शिक्षा, आबकारी, राज्य कर, समाज कल्याण, कृषि आदि विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों पर कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने प्रकरणों में सामान्य आपत्तियों जैसे नाम सुधार, दस्तावेज अपलोड करने जैसी आपत्तियों का अपने स्तर पर निराकरण कर पेंशन प्रकरणों के निपटारें में तेजी लाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने विभागीय स्तर पर जांच के कारण लंबित पेंशन प्रकरणों में विभागीय जांच को भी व्यक्तिगत रूचि लेकर निराकृत कराने की पहल करने को कहा।

बैठक में संभागायुक्त ने जल संसाधन विभाग में 22, लोक निर्माण विभाग में 24, स्कूल शिक्षा विभाग में 39 और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में 43 पेंशन प्रकरणों के लंबे समय से निराकरण नहीं होने पर अधिकारियों के प्रति गहरी नाराज़गी जताई। श्री कावरे ने लंबे समय से लंबित पेंशन प्रकरणों पर तेजी से कार्रवाई कर अगले महीने की समीक्षा बैठक में प्रगति दिखाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा कि प्रगति नहीं होने पर अधिकारियों सहित आहरण संवितरण अधिकारियों पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

श्री कावरे ने बताया कि जिन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति होने वाली है, उनके दस्तावेजों या कार्मिक संपदा रिकार्ड में सुधार आहरण संवितरण अधिकारी के स्तर पर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि सेवानिवृत्ति हो चुके शासकीय सेवकों के कार्मिक संपदा रिकार्ड में सुधार संयुक्त संचालक, कोष लेखा पेंशन स्तर पर होगा। इसलिए ऐसे सभी प्रकरणों को विभाग तैयार कर संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन को भेंजे। संभागायुक्त ने पुरानी पेंशन योजना लागू होने के बाद लंबित ईडब्ल्यूआर प्रकरणों पर भी त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश बैठक में दिए है।

## शैक्षणिक भ्रमण हेतु गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों का दल पहुंचा शुभम के मार्ट



राजनांदगांव (दावा)। जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के अन्तर्गत जिले की ख्याति प्राप्त संस्थान शुभम् के मार्ट का अवलोकन किया जिसमें कक्षा दूसरी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक इसका लाभ उठाया। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के व्यवहारिक जीवन में उपयोग आने वाली अनेक वस्तुओं का प्रायोगिक ज्ञान बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर बच्चों के लिए इस भ्रमण का आयोजन किया गया जहाँ बच्चों ने दैनिक जीवन में प्रयोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं के बारे में जाना जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रकार के दालों, डेयरी प्रोडक्ट, विभिन्न प्रकार के मसालों, अनाज आदि के बारे में जानकर उसकी उपयोगिता को समझा साथ ही किसी वस्तु को क्रय करने की पद्धति, वस्तु के उत्पादन तिथि आदि के बारे में विस्तार से जाना। इस आयोजन में शुभम-के मार्ट के सभी कर्मचारियों का विशेष सहयोग मिला। विद्यार्थियों के दल के साथ शाला के क्रीडा अधिकारी अखिलेश मिश्रा, विमल शर्मा, श्रीमती मीरा मेनन, श्रीमती किरण ठाकुर एवं सुमन साहू उपस्थित थे। शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर के दिशा निर्देश पर बच्चों ने इस भ्रमण का भरपूर लाभ उठाया।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

## विधायक ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



सिंगरायटोला में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिंगरायटोला (चिल्हाटी) में दीपावली पावन पर्व पर न्यू यूनिटी यंग एण्ड ओल्ड रिकॉर्डिंग डांस समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम के आयोजन में लोकप्रिय विधायक खुज्जी भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर पूजा-अर्चना कर, आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों एवं समस्त ग्रामवासी को दीपावली उत्सव एवं भाई दूज की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनायें दिए. इस दौरान विधायक श्री साहू जी ने ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति द्वारा अतिथियों के आत्मीय सम्मान एवं स्वागत के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने चिल्हाटी क्षेत्र के मेधावी एवं प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों को भी सम्मानित किए। बच्चियों ने अतिथियों के स्वागत में सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दिए उन्हें भी पुरस्कार राशि देकर उनका भी उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने गांव के विकास के लिए मांग की गई कार्यों को प्राथमिकता के तौर पर पूरा करने का आश्वासन भी दिए. अपने प्रवास के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। इस कार्यक्रम के अवसर पर रितेश मेश्राम उपाध्यक्ष नगर पंचायत अं.चौकी, उदेराम साहू किसान नेता, बेनीराम साहू सचिव जिला कांग्रेस कमेटी, जनाब नादिर भाई खेतानी, बरसूराम कुमेटी, सुरेश देशमुख, गोविन्द नुरेटी, गौतरीहा कल्लो, सगन लाल मेश्राम, काशीराम, धनीराम, चिमन, नरेंद्र ठाकुर, विष्णु विश्वकर्मा, बीरेंद्र कचलामे, भुवन घावडे, प्रकाश मेश्राम एवं आयोजन समिति के सभी पदाधिकारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ग्राम जोरतराई में भाई दूज उत्सव पर डांस प्रतियोगिता



कार्यक्रम में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव

खुज्जी (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोरतराई में जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव के कर कमलो द्वारा भाई दूज युवा मित्र मंडल उत्सव के पावन पर्व उपलक्ष्य में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित कार्यक्रम का विधिवत गणेश भगवान की पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया। श्री यादव जी ने आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर, सरपंच केशकुंवर कुंजाम, विनित शर्मा, संदीप मेश्राम, एकलव्य साहू, विनोद मंडलोई, योगेश कोमरे डॉ सुनील गायकवाड़, साधु राम, योगमाय साहू, रूपसिंग मंडावी, संतोष कोड़पे, अंबाबाई उमेश मांडवी, अभय ठाकुर इशूमंडलोई मनीष कुंजाम, केशल कंवर, शिव निर्मलकर एवं आयोजन समिति के सदस्य सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 6 को

बालोद । बुधवार 6 नवंबर को सुबह 12 बजे से पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में किया जा रहा है। डॉ. आर. एम. चावड़ा अध्यक्ष ने बताया माह नवंबर में सभी पेंशनरो का जीवन प्रमाण पत्र भराया जाना है अतः अपने साथ आधार एवं पेन कार्ड का फोटो कॉपी पी. पी. ओ. नंबर बैंक पास बुक का नंबर या फोटो कॉपी एक नवीनतम फोटो साथ लेकर आएंगे। जीवन प्रमाण पत्र उपलब्ध रहेगा और फार्म जमा हो जायेगा। बैंक जाने की आवश्यकता नहीं होंगी। स्टेट बैंक शाखा बालोद में पेंशनरों हेतु एक अलग से काउंटर बैंक मैनेजर द्वारा खोली गई है। अतः समस्त पेंशनर साथियों से निवेदन है उक्त बैठक में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति की अपील की है।

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने गाय की पूजा, खिलाई खिचड़ी



खैरागढ़ (दावा)। गोवर्धन पूजा पर्व नगर बड़े ही धूम-धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने शनिवार 2 नवम्बर को गोवर्धन पूजा के अवसर पर खैरागढ़ स्थित अपने निवास में गौवंश की पूजा-अर्चना की और अपने हाथों से खिचड़ी खिलाया। उन्होंने इस मौके पर केसीजी जिलेवासियों सहित प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी। विक्रांत सिंह ने आगे कहा कि गोवर्धन पूजा गौवंश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन दिन है। भगवान कृष्ण और गौ माता से कामना करता हूं, कि प्रकृति प्रेम और परोपकार का यह लोक पर्व सभी के लिए सुख समृद्धि व खुशहाली लेकर आए। विक्रांत सिंह ने इस अवसर पर सभी लोगों से गौवंश की रक्षा, संवर्धन और संरक्षण के कार्य में भागीदार बनने की अपील की।



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# राज्य अलंकरण एवं राज्योत्सव समापन समारोह

**06 नवम्बर, 2024**

**राज्योत्सव स्थल, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़**



मुख्य अतिथि
**श्री जगदीप धनखड़**
माननीय उप राष्ट्रपति

अध्यक्ष
**श्री रमेन डेका**
माननीय राज्यपाल, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
**डॉ. रमन सिंह**
माननीय अध्यक्ष, विधानसभा, छत्तीसगढ़





विशिष्ट अतिथि

**श्री अरूण साव**
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

**श्री विजय शर्मा**
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम, माननीय मंत्री
श्री दयाल दास बघेल, माननीय मंत्री
श्री केदार कश्यप, माननीय मंत्री
श्री लखन लाल देवांगन, माननीय मंत्री
श्री श्याम बिहारी जायसवाल, माननीय मंत्री
श्री ओ.पी. चौधरी, माननीय मंत्री
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, माननीय मंत्री
श्री टंकराम वर्मा, माननीय मंत्री
डॉ. चरणदास महंत, माननीय नेता प्रतिपक्ष
श्री बृजमोहन अग्रवाल, माननीय सांसद
श्री राजेश मूणत, माननीय विधायक
श्री पुरन्दर मिश्रा, माननीय विधायक
श्री मोती लाल साहू, माननीय विधायक
श्री अनुज शर्मा, माननीय विधायक
श्री गुरू खुशवंत साहेब, माननीय विधायक
श्री इंद्र कुमार साहू, माननीय विधायक

एवं

समस्त माननीय सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।



संवाद-42022/30

**आप सादर आमंत्रित हैं...**

**हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in | छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com